राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964 वर्ष-61 > अंक - 232 रायपुर रविवार 17 अगस्त 2025 विक्रम संवत 2082 पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25




दही हांडी के कार्यक्रम में 75 गोविंदा हुए घायल, 2 की हालत गंभीर, इलाज जारी



शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ, बाबा रामदेव सहित कई विशिष्ट जन

## मुंबई जा रही फ्लाइट के इंजन में आई तकनीकी खराबी, पायलट की सूझबूझ से बची 48 लोगों की जान



**,एजेंसी।** बेलगावीः कर्नाटक के बेलगावी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शनिवार को बेलगावी से मुंबई जा रही एक उड़ान के इंजन में तकनीकी खराबी आने की बात सामने आई है। हालांकि पायलट की सूझबूझ की वजह से 48 लोगों की जान बच गई है और विमान को दोबारा एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया है।

**क्या है पूरा मामला?**

शनिवार को एक फ्लाइट बेलगावी से मुंबई जा रही थी। इसी समय ये जानकारी मिली कि फ्लाइट के इंजन में कुछ तकनीकी खराबी है। इसके बाद पायलट ने समस्या को भांप लिया और कुशलता से हवाई अड्डे पर दोबारा लैंडिंग करवाई।

विमान ने सुबह 7 बजकर 50 मिनिट पर उड़ान भरी और इसे 8 बजकर 50 मिनिट पर मुंबई पहुंचना था।

### प्रधानमंत्री 17 अगस्त को दिल्ली में 11,000 करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

# दिल्ली-गुरुग्राम वालों को मिलेगी द्वारका एक्सप्रेसवे की सौगात

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में शहरी विस्तार सड़क-॥ परियोजना का भी उद्घाटन करेंगे**

**परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्रदान करने और दिल्ली में भीड़भाड़ कम करने में मदद करेंगी**

संवाददाता।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17 अगस्त, 2025 को दोपहर लगभग 12:30 बजे दिल्ली के रोहिणी में लगभग 11,000 करोड़ रुपये की संयुक्त लागत वाली दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। ये परियोजनाएं - द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क-॥ (यूईआर-॥) - राजधानी को भीड़भाड़ से मुक्त करने की सरकार की व्यापक योजना के तहत विकसित की गई है। इसका उद्देश्य कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार, यात्रा समय में कमी और दिल्ली तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में यातायात में कमी



लाना है। ये पहल प्रधानमंत्री मोदी के विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे के निर्माण के दृष्टिकोण को दर्शाती हैं जो जीवन को सुगम बनाती है और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करती है। द्वारका एक्सप्रेसवे के 10.1 किलोमीटर लंबे दिल्ली खंड का विकास लगभग 5,360 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह खंड यशोभूमि, डीएमआरसी की ब्लू लाइन और ऑरेंज लाइन, आगामी बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका क्लस्टर बस डिपो को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा।

इस खंड में शामिल हैं : पैकेज । शिव मूर्ति चौराहे से द्वारका सेक्टर-21 में रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) तक 5.9 कि.मी.

पैकेज ॥ : द्वारका सेक्टर-21 आरयूबी से दिल्ली-हरियाणा सीमा तक 4.2 कि.मी., शहरी विस्तार रोड-॥ को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करना।

द्वारका एक्सप्रेसवे के 19 किलोमीटर लंबे हरियाणा खंड का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा पहले मार्च 2024 में किया गया था।

प्रधानमंत्री लगभग 5,580 करोड़



**सोनीपत और बहादुरगढ़ के लिए नए संपर्क मार्गों का उद्घाटन**

रुपये की लागत से निर्मित, बहादुरगढ़ और सोनीपत के लिए नए संपर्क मार्गों के साथ, शहरी विस्तार सड़क-॥ (यूईआर-॥) के अलीपुर से ढिंचाऊ कलां खंड का भी उद्घाटन करेंगे। इससे दिल्ली के आंतरिक और बाहरी रिंग रोड तथा मुकरबा चौक, धौला कुआँ और एनएच-09 जैसे व्यस्त स्थानों पर यातायात सुगम होगा। नए मार्ग से बहादुरगढ़ और सोनीपत तक सीधी पहुँच होगी, औद्योगिक संपर्क में सुधार होगा, शहरी यातायात कम होगा और एनसीआर में माल की आवाजाही में तेज़ी आएगी।

## नागालैंड के राज्यपाल एल गणेशन का निधन,

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने जताया**



नई दिल्ली एजेंसी

नागालैंड के राज्यपाल एल गणेशन का चेन्नई के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नागालैंड के राज्यपाल एल गणेशन के निधन से दुखी हूं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य और मणिपुर व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया। अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने जन कल्याण के लिए कार्य किया। तमिलनाडु और देश के विकास में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। मैं उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, नागालैंड के राज्यपाल एल गणेशन के निधन से दुःख हुआ। उन्हें एक समर्पित राष्ट्रवादी के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने अपना जीवन सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने तमिलनाडु में भाजपा का विस्तार करने के लिए कड़ी मेहनत की। तमिल संस्कृति के प्रति भी उनका गहरा लगाव था। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, नागालैंड के राज्यपाल एल गणेशन के निधन से अत्यंत दुःख हुआ। तमिलनाडु के भाजपा नेता गणेशन ने आपातकाल के दौरान राष्ट्र के लिए बहुमूल्य योगदान दिया।

## उद्धव और राज ठाकरे मिलकर लड़ेंगे महाराष्ट्र निकाय चुनाव

**मुंबई. एजेंसी।** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना महाराष्ट्र के कम से कम चार जिलों में मिलकर निकाय चुनाव लडने् के लिए तैयार हैं. शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने आगे बताया कि मनसे के साथ गठबंधन बनाने पर चर्चा चल रही है. पीटीआई ने राउत के हवाले से कहा, ठाकरे बंधु (सेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) मुंबई, ठाणे, नासिक और कल्याण-डोंबिवली में नगर निगम चुनाव एक साथ



लड़ेंगे और जीतेंगे. उन्होंने कहा, राज और उद्धव ठाकरे की ताकत मराठी भाषियों की एकता की ताकत है. अब कोई भी ताकत मराठी मानुस की लौह मुट्ठी को नहीं तोड़ सकती. महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एकजुट हुए थे और एकजुट होकर आंदोलन करने का ऐलान किया था।

## पीएम मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। पीएम मोदी ने कहा कि वह (अटल बिहारी वाजपेयी) विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सभी को प्रेरित करते रहेंगे।

**समर्पण, सेवा भाव, विकसित और आत्मनिर्भर भारत** पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफ ॉर्म 'एक्स' पर कहा, 'सभी देशवासियों की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन। राष्ट्र के चौतरफ ा विकास को लेकर उनका समर्पण और सेवा भाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए हर किसी को प्रेरित करने वाला है।'



**सदैव अटल स्मारक पहुंचे ये नेता**

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई अन्य गणमान्य लोग वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां उनके स्मारक 'सदैव अटल' पहुंचे।

**तीन बार प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी -** वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में एक थे। वह तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। उनका पहला कार्यकाल 1996 में मात्र 13 दिनों का था। इसके बाद वह 1998 में फिर प्रधानमंत्री बनें और उन्होंने 13 महीने तक इस पद को संभाला। साल 1999 में वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी नेता थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया। वायपेयी को आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने का श्रेय दिया जाता है, जिससे देश का तेजी से विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, 3 महिलाओं समेत 5 उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार भी बरामद

इम्फाल. एजेंसी ।

मणिपुर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. यहां सुरक्षाबलों ने तीन महिलाओं सहित पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई राज्य में उग्रवादी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियानों का हिस्सा है. सुरक्षा बलों ने न केवल उग्रवादियों को पकड़ा, बल्कि भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए. पुलिस के एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, थौबल जिले के लांगथाबल खुनौ इलाके में प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनबा) के चार सक्रिय उग्रवादियों को हिरासत में लिया गया।

## बिहार में उद्योग लगाने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा : नीतीश

नई दिल्ली

बिहार में नए उद्यमियों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। नीतीश कुमार ने शनिवार को जन्माष्टमी के मौके पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब बिहार में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा।

इसके साथ ही नीतीश कुमार ने युवाओं के रोजगार की दृष्टि से भी बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, अब बिहार में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा। निजी क्षेत्रों को बिहार में उद्योग



लगाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा विशेष आर्थिक पैकेज देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी तथा जीएसटी के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा। आगे लिखा, उद्योग लगाने के लिए सभी जिलों में जमीन की व्यवस्था की जाएगी तथा ज्यादा रोजगार देने वाले उद्योगों को मुफ्त में जमीन दी जाएगी। उद्योग लगाने हेतु आवंटित भूमि से संबंधित विवादों को समाप्त किया जाएगा। ?यह सारी सुविधाएं अगले 6 महीने में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को दी जाएंगी। इसके अलावा कई और प्रावधान भी किए गए हैं, जिससे राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी। इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना अलग से जारी की जाएगी। राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें अधिक से अधिक रोजगार मिल सके एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो।

**विदेश** | ट्रम्प के 50 प्रतिशत टैरिफने दी इंडियन स्वदेशी क्रांति

## ट्रंप की टैरिफ : अमेरिकी कंपनियों का बहिष्कार सोशल मीडिया ट्रेंड

एजेंसी

भारत-अमेरिका के बीच व्यापारिक तनाव कोई नया विषय नहीं है, लेकिन हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत से आयातित कई उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाने के निर्णय ने माहौल को गरमा दिया है. इस कदम के बाद से भारतीय सोशल मीडिया पर एक नई लहर उठी है, जिसे यूज़र ÷दी इंडियन स्वदेशी क्रांति÷ कहकर बुला रहे हैं. इस अभियान में अमेरिकी कंपनियों के बहिष्कार की मांग तेज़ी से फैल रही है और इसमें McDonalds, Coca-Cola, Amazon, Apple जैसे बड़े ब्रांडों का नाम सबसे ऊपर है. सोशल मीडिया पर यह ट्रेंड केवल आर्थिक असंतोष की अभिव्यक्ति नहीं है बल्कि




भारत में स्वदेशी भावना को पुनर्जीवित करने वाला एक सांस्कृतिक और राजनीतिक विमर्श भी बन गया है.

भारतीय उपभोक्ताओं की इस प्रतिक्रिया को समझने के लिए हमें थोड़ा इतिहास में झांकना होगा. स्वदेशी आंदोलन भारत की आज़ादी की लड़ाई का एक महत्वपूर्ण अध्याय रहा है, जहाँ विदेशी वस्त्रों और उत्पादों का बहिष्कार कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए गए थे. आज वही भावना नए रूप में सोशल मीडिया के जरिये जीवित होती दिख रही है. लाखों यूज़र्स #BoycottAmericanBrands, #Swadeshi Renaissance, #IndianSelf Reliance जैसे हैशटैग चला रहे हैं और अमेरिकी कंपनियों से जुड़े हर बड़े विज्ञापन या उत्पाद लॉन्च के नीचे टिप्पणी कर रहे हैं कि अब भारत को अपनी राह खुद चुननी होगी.


ट्रम्प प्रशासन का यह टैरिफनिर्णय भारत के लिए कई मायनों में झटका है. भारत से अमेरिका को जाने वाला आयात बड़ा हिस्सा टेक्सटाइल, स्टील, फ ार्मा और आईटी सेवाओं का होता है. जब इन पर भारी टैक्स लगाया गया तो भारतीय उद्योगों को निर्यात में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा. हालांकि अमेरिकी पक्ष का तर्क यह है कि यह कदम ÷अमेरिकन मैन्युफैक्चरिंग÷ को बचाने और घरेलू रोजगार को बढ़ावा देने के लिए ज़रूरी है. लेकिन भारतीय नज़रिए से यह सीधा आर्थिक अन्याय है।

# ट्रम्प-पुतिन के बीच 3 घंटे बैठक, कोई डील नहीं हुई : जेलेस्की जाएंगे अमेरिका

**दोनों 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रवाना हुए**

**एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा।

ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मॉस्को




में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए। वहीं, जेलेंस्की ने ङ्क पर पोस्ट कर बताया कि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से डेढ़ घंटे बातचीत हुई। जेलेंस्की 18 अगस्त को वॉशिंगटन डी.सी. जाकर ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पूरी ताकत से शांति स्थापित करने के लिए तैयार है। अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मीटिंग खत्म होने के कुछ ही देर के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को फोन किया। उन्होंने शनिवार को पुतिन के साथ हुई अहम शिखर वार्ता की जानकारी दी। इसके बाद उन्हें तुरंत अमेरिका आने के लिए कहा है। आपको बता दें कि जेलेंस्की की पिछला अमेरिका दौरा काफी खराब रहा था। वह बैठक बीच में ही छोड़कर निकल गए थे। एक रिपोर्ट के अनुसार जेलेंस्की जल्द ही फिर वॉशिंगटन की यात्रा पर जा सकते हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह रूस के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए रचनात्मक सहयोग के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि वह अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर वॉशिंगटन की यात्रा करेंगे। जेलेंस्की सोमवार को ट्रंप से मुलाकात करेंगे। यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में हुई बातचीत बेनतीजा रही और दोनों नेताओं के बीच कुछ अहम मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी।

अलास्का में दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन को लेकर 'सहमति' बनी है। इसके साथ ही उन्होंने यूरोप को चेतावनी दी कि वह प्रगति में कोई बाधा नहीं डाले। पुतिन के दावे के बाद ट्रंप ने कहा ''जब तक कोई समझौता नहीं हो जाता तब तक कुछ भी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता।''

रूस और यूक्रेन के बीच चार वर्ष से जारी युद्ध को रोकने के लिए ट्रंप हर हथकंडा अपना रहे हैं। कभी वह रूस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाने की धमकी देते हैं तो वहीं उन्होंने ज्वाइंट बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन में पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत भी किया।

## दुनिया चाहती है युद्ध का अंत : भारत

एजेंसी

भारत ने शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लोदिमीर पुतिन की अलास्का में हुई मीटिंग का स्वागत किया। यह बैठक लगभग तीन घंटे चली लेकिन यूकेन युद्ध में सीजफ ायर को लेकर कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बैठक को लेकर कहा कि पूरी दुनिया चाहती है कि यूक्रेन संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो और शांति बहाल हो। **जेलेंस्की के पोस्ट पर पीएम मोदी का जवाब -** वहीं, भारत के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत और पीएम मोदी को शुभकामनाएं दी थी। इस पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन के उज्ज्वल भविष्य और शांतिपूर्ण भविष्य की कामना करता है। अलास्का में हुई मीटिंग के बाद पुतिन और ट्रंप ने संयुक्त



प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बयान जरूरी दिया, लेकिन पत्रकारों का कोई भी सवाल नहीं लिया। ट्रंप ने कहा कि कई मुद्दों पर सहमति बनी है लेकिन कुछ पर अभी दूरी बाकी है।

**पुतिन का इशारा** - पुतिन ने इशारों ही इशारों में कहा कि इस बातचीत से यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शांति का रास्ता खोलने की कोशिश हुई है। इधर, जेलेंस्की ने अपने पोस्ट में भारत को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि भारत युद्ध खत्म करने के प्रयासों में योगदान दे। उन्होंने ट्रंप के इस प्रस्ताव का भी समर्थन किया कि जल्द ही अमेरिका, रूस और यूक्रेन की एक त्रिपक्षीय बैठक हो।

# स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में आयोजित हुआ 'स्वागत समारोह'

लोकशक्ति

**रायपुर, /** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज शाम यहां राजभवन में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां शामिल हुईं। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल श्री डेका को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी उपस्थित थीं।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, खेलकूद एवं युवक कल्याण, मंत्री श्री टंकराम वर्मा, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, सहित विधायक श्री पुरंदर मिश्रा एवं अन्य विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। समारोह में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित श्री भारतीबंधु, डॉ. राधेश्याम बारले, सुश्री उषा बारले, श्री अनुज शर्मा एवं अन्य उपस्थित थे। स्वागत समारोह में शहीदों के परिजन, वीरता पुरस्कार से सम्मानित पुलिस के अधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियां, ब्रम्हकुमारी बहनें मौजूद थीं।

समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अरूण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, श्री सुब्रत साहू, श्री मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, प्रमुख सचिव श्री सोनमणी बोरा राज्यपाल के सचिव श्री डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, श्री बसवराजू एस, संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, राज्यपाल के विधिक सलाहकार श्री भीष्म प्रसाद पाण्डेय, सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सेना के वरिष्ठ अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रेस-मीडिया कर्मी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





## राजस्व मंत्री के भतीजे पर पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर के साथ मारपीट, गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर में छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के भतीजे पर पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। यह घटना 9 अगस्त, 2025 की रात को नंदलाल फ्यूल पेट्रोल पंप, ढाबाडीह में हुई।

पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर विनोद दुबे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रात करीब 11 बजे आशीष बघेल अपने कुछ साथियों के साथ आया और उन्हें बात करने के बहाने एक ट्रक के पास ले गया। वहाँ पर आरोपियों ने विनोद दुबे के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोपियों ने उन्हें यह कहते हुए पीटा कि वह पेट्रोल भरवाते समय खुद को बहुत होशियार समझते हैं। मारपीट के कारण विनोद दुबे के हाथ, पीठ और पैरों में चोटें आईं।

विनोद दुबे की शिकायत के बाद सिटी कोतवाली थाने में आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने मारपीट की बात कबूल कर ली है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम कृष्णा वर्मा (उर्फ राजा वर्मा) 43 वर्ष, निवासी ग्राम चांपा, आशीष बघेल 43 वर्ष, निवासी ग्राम सेम्हराडीह, भीम साहू 26 वर्ष, निवासी ग्राम सेम्हराडीह है। इन तीनों को 12 अगस्त, 2025 को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है।इस मामले पर मंत्री टंकराम वर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने यह तो नहीं माना कि आरोपी उनका भतीजा है, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि चाहे कोई भी हो, नियमों के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## राजभवन के दरबार हॉल का नाम परिवर्तन कर छत्तीसगढ़ मण्डपम किया गया



**रायपुर,** राजभवन के दरबार हॉल का नाम परिवर्तन कर 'छत्तीसगढ़ मण्डपम' किया गया है। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दरबार हॉल का नाम परिवर्तन कर छत्तीसगढ़ मण्डपम करने की घोषणा की एवं इसका विधिवत अनावरण किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, खेलकूद एवं युवक कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, डीजीपी श्री अरूण देव गौतम तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर स्वतंत्रता दौड़ का शुभारंभ किया और लोगों को देश सेवा का संदेश दिया

### कलेक्टर ने जिले के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, युवाओं को दिलाई तिरंगा शपथ

**कवर्धा।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व बेला पर सोमवार 14 अगस्त को सबेरे सात बजे आउटडोर स्टेडियम में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं युवाओं ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए उत्साह के साथ स्वतंत्रता दौड़ लगाई। कलेक्टर श्री वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर स्वतंत्रता दौड़ का शुभारंभ किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने तिरंगा फहराने स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों की भावना का सम्मान करने, देश के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने समाज में शांति और सद्भावना बनाए रखने की शपथ दिलाई। स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वर्मा ने स्वतंत्रता दौड़ के प्रतिभागियों को सद्भावना और देश सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी के साथ करके देश की सेवा में अपनी भूमिका निभा सकते है। उन्होंने कहा कि देश के लिए मर-मिटना ही देश सेवा नहीं है, बल्कि जनहित में अच्छे कार्यो से भी प्रदेश और देश की सेवा की जा सकती है। स्वतंत्रता दौड़ में जिला पंचायत सीईओं श्री अजय कुमार त्रिपाठी, डीएसपी श्री संजय ध्रुव, उप संचालक पंचायत श्री राज तिवारी, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा, प्रभारी खेल अधिकारी सहायक संचालक ।

## सामाजिक बुराईयों और सायबर फ्रॉड से बचाव के बारे बताया सरपंच-उप सरपंचों के सम्मेलन में पुलिस ने

### नगरनार क्षेत्र के ग्रामों के ग्राम सरपंच/उपसरपंच/सचिव / कोटवार के अलावा गौ सेवको एवं बजरंग दल के पदाधिकारी गण भी हुये शामिल

**जगदलपुर।** बस्तर पुलिस द्वारा नगरनार में आयोजित गौरक्षा,गायों / मवेशियों के रोड एक्सीडेंट से होने वाले आकस्मिक मृत्यु को रोकने हेतु जन जागरूकता चलाकर सार्थक प्रयास करने अहम सुझाव दिए गए। कार्यकम में गौरक्षा के अलावा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सामाजिक बुराई मद्यपान, नशाखोरी, सायबर फ्राड ,नये कानून, महिलाओ एवं बच्चो की सुरक्षा, यातायात नियम में विशेष कर दुपाहियो वाहन चलाते समय हेलमट के उपयोगिता समझाते हुये उपरोक्त विषयो पर जानकारी दी गई। नगरनार के थाना परिसर में एसपी शलभ कुमार सिन्हा के दिशा निर्देशन में एएसपी माहेश्वर नाग,सीएसपी सुमीत कुमार डी धोत्रे (भा0पु0से0) की उपस्थिति में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्राम सरपंच/उपसरपंच/सचिव/कोटवार सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना नगरनार क्षेत्र के ग्रामों के ग्राम सरपंच/उपसरपंच/सचिव/कोटवार के अलावा गौसेवक, बजरंग दल के पदाधिकारी गण रवि ब्रम्हचारी, मुन्ना बजरंगी, भरत बघेल. जागेश्वर साहु नवीन देवांगन विष्णु ठाकुर, रोहित घोष, पवन राजा एवं अन्य नागरिक गण बड़ी संख्या में शामिल हुये। कार्यक्र में अफसरों के साथ साथ ग्राम सरपंचो, बजरंग दल के पदाधिकारियो एवं गौसेवको के द्वारा गौ रक्षा, गायो/मावेशियो के रोड एक्सीडेंट से होने वाले आकस्मिक मृत्यु को रोकने हेतु लोगो में जन जागरूकता लाकर सार्थक प्रयास करते हुये गौवंश की रक्षा करने सुक्षाव / समझाइश देते हुये प्रत्येक ग्राम पंचायत से अलग अलग दिवस में राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात्रि गस्त कर लावारिस घुम रहे गौवंश को सुरक्षा प्रदान कर सुरक्षा हेतु उचित व्यवस्था करने जोर दिया गया।

# हमारा तिरंगा पूर्वजों के वर्षों के संघर्षों और बलिदान का जीवंत प्रतीक : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री श्री साय ने हजारों युवाओं के साथ लगाई स्वतंत्रता की दौड़

### भारत माता और रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

रायपुर। हमारा तिरंगा पूर्वजों के वर्षों के संघर्षों और बलिदान का जीवंत प्रतीक है। हम सभी तिरंगे की शान को हमेशा बनाए रखेंगे, अपने अमर बलिदानियों को कभी नहीं भूलेंगे और सभी मिलकर विकसित, समृद्ध और सशक्त छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव में आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में शामिल हुए और कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हजारों युवाओं के साथ स्वतंत्रता दौड़ लगाई और भारत माता और अमर बलिदानी रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तिरंगे में करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाएं समाई हैं और यह हमारी वीरता, शांति और समृद्धि के भाव की अमिट चेतना है। श्री साय ने पवित्र तिरंगे को प्रणाम करते हुए कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पिछले कुछ वर्षों से स्वतंत्रता दिवस में पूरा देश तिरंगामय हो जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से हम सभी अलग-अलग तरीकों से इस पावन दिवस को उत्साह के साथ मना रहे है। तिरंगा यात्राएं और हर-घर तिरंगा फहराने के संकल्प ने इस पावन अवसर को जन-जन से जोड़ दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह स्मरण कराती है कि आज़ादी अनगिनत बलिदानों की अमूल्य देन है। लाखों-करोड़ों देशभक्तों ने अपने प्राण न्योछावर किए, तब जाकर हमें यह स्वतंत्रता प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के खास अवसर ने मुझे बचपन के दिनों की याद दिला दी। जब मैं स्कूल में था तब स्वतंत्रता दिवस पर प्रभात फेरी निकलती थी, गांव-गांव में देशभक्ति गाने गूंजते थे। उन्होंने कहा कि उस समय जो गर्व महसूस होता था, वही गर्व आज भी हमारे दिल में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारा दायित्व है कि हम अपने देश और प्रदेश को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाएं। वर्ष 2047 तक के लिए हमने विकसित छत्तीसगढ़ विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया है, और हमारी सरकार उसी के अनुरूप कार्य कर रही है। यह सरकार के साथ-साथ हम सभी का साझा संकल्प है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ सिर्फ एक दौड़ नहीं बल्कि आजादी के लिए किये गए संघर्ष का प्रतिसाद है। देश को वीर सपूतों के बलिदान से आजादी मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित, स्वच्छ, स्वस्थ और श्रेष्ठ भारत के विजन के साथ चलते हुए हमारे मुख्यमंत्री ने भी विकसित और समृद्धशाली छत्तीसगढ़ का सपना संजोया है। उन्होंने कहा कि इस स्वप्न को पूर्ण करने अपना अमूल्य योगदान देने का संकल्प लें।

इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार मौजूद रहे।

## दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना दिसंबर तक होगी पूरी,- बस्तर के विकास में एक और क्रांतिकारी कदम

### रेल परियोजना के 97 प्रतिशत कार्य पूर्ण

### 77.5 किमी लंबे तारोकी-रावघाट खंड का अधिकांश कार्य पूरा

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल को रेलवे से सशक्त कनेक्टिविटी देने वाली दल्लीराजहराङ्करावघाट रेल परियोजना का कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। 95 किलोमीटर लंबी इस परियोजना के तारोकी से रावघाट खंड की लंबाई 77.5 किलोमीटर है, जिसमें यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। बड़े और छोटे पुलों के साथ-साथ ट्रैक बिछाने का काम अब अंतिम चरण में है, जिससे इस महत्वाकांक्षी परियोजना के दिसंबर 2025 तक पूर्ण होने की दिशा में ठोस प्रगति हुई है।इस रेल परियोजना के पूरा होने से बस्तर क्षेत्र पहली बार राज्य की राजधानी से सीधे रेलवे द्वारा जुड़ जाएगा। इससे बस्तर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी और खनिज परिवहन की दिशा में नई गति मिलेगी। बस्तर के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में यह कनेक्टिविटी एक बड़ा बदलाव



लाएगी और स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक होगी। यह रेलवे लाइन रावघाट लौह अयस्क खदानों और सेल/भिलाई इस्पात संयंत्र के बीच सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। वर्तमान में दल्लीराजहरा की खदानों से लौह अयस्क की उपलब्धता घट रही है, ऐसे में यह परियोजना न केवल औद्योगिक जरूरतों को पूरा करेगी बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास की रीढ़ साबित होगी। रेल विकास निगम लिमिटेड के अनुसार, 17.5 किलोमीटर भूमि अधिग्रहण कार्य संपन्न हो चुका है। 21.94 लाख घन मीटर मिट्टी कार्य में से अधिकांश पूरा हो चुका है। तीन में से दो बड़े पुल तैयार हो गए हैं, जबकि 61 में से 55 छोटे-मोटे पुलों का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

## कस्टम मिलिंग में नवाचार, राईस मिलों के भौतिक सत्यापन, फूड प्रोक्योरमेंट स्टोरेज पोर्टल में खाद्यान्न का उपार्जन-वितरण के संबंध में दी गई जानकारी

### भारत सरकार द्वारा अधिप्राप्ति सुधारों पर राज्य स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**रायपुर।** खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा खाद्यान्न उपार्जन प्रणाली में दक्षता, पारदर्शिता तथा तकनीकी समावेश को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अधिप्राप्ति सुधारों पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नवा रायपुर में किया गया, जिसमें प्रदेश के खाद्य, सहकारिता एवं कृषि विभाग के अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारतीय खाद्य निगम के सीएमडी श्री आशुतोष अग्निहोत्री, भारत सरकार की संयुक्त सचिव सुश्री शिखा तथा छत्तीसगढ़ की खाद्य सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर भारत सरकार के अधिकारियों द्वारा



कस्टम मिलिंग में नवाचार, 10 प्रतिशत ब्रोकन चावल के संबंध में नवीन निर्देश, राइस मिलों के संयुक्त भौतिक सत्यापन की नई मानक संचालन प्रक्रिया, सेंट्रल फूड प्रोक्योरमेंट पोर्टल तथा सेंट्रल फूड स्टोरेज पोर्टल में खाद्यान्न के उपार्जन व वितरण जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें विभिन्न जिलों के जिला कलेक्टर, खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी भी शामिल हुए। भारत सरकार की संयुक्त सचिव सुश्री शिखा ने राइस मिलों में ब्रोकन चावल के संबंध में शासन स्तर पर जारी पॉलिसी की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में 25 प्रतिशत तक के ब्रोकन चावल को यांत्रिक उन्नयन के माध्यम से 10 प्रतिशत तक लाने और शेष ब्रोकन चावल को खुले बाजार में विक्रय करने की योजना लागू की जाएगी। भारत सरकार के मार्गदर्शन में भारतीय खाद्य निगम और छत्तीसगढ़ खाद्य विभाग के समन्वय से सेंट्रल पूल अंतर्गत चावल उपार्जन की गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके तहत जून माह में प्रदेश को चावल के निराकरण हेतु 188 रैक उपलब्ध कराए गए, जिससे लगभग 6 लाख मीट्रिक टन चावल का भंडारण संभव हुआ है, और एफसीआई के माध्यम से प्रदेश में उपार्जित चावल कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत वितरित किया जा रहा है। कार्यशाला में बताया गया कि कस्टम मिलिंग में पारदर्शिता तथा वर्तमान व्यवस्था एवं नीतिगत सुधार हेतु समय-समय पर संयुक्त भौतिक सत्यापन की मानक संचालन प्रक्रिया को अद्यतन किया गया है तथा अनिवार्य संयुक्त भौतिक सत्यापन हेतु राइस मिलों के चयन के लिए स्वचालन एवं सॉफ्टवेयर आधारित पद्धति अपनाने का निर्णय लिया गया है।

## देशप्रेम के साथ यातायात जागरूकता और नशामुक्त भारत अभियान का दिया गया प्रभावी संदेश

**जशपुरनगर ।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आज सुबह स्वतंत्रता दौड़ 2025 का भव्य आयोजन किया गया। विधायक रायमुनी भगत ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। इस दौड़ में छात्रों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गाराम भगत, कलेक्टर रोहित व्यास, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, एसडीएम विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। दौड़ प्रातः 7:30 बजे जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होकर महाराजा चौक, बस स्टैंड मार्ग, तालाब रोड, पुरानी टोली से होते हुए रणजीता स्टेडियम में संपन्न हुई। मार्ग में बैनर और पोस्टर लेकर दौड़ते धावकों ने देशप्रेम के प्रदर्शन के साथ




यातायात जागरूकता, सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा और नशामुक्त भारत अभियान का प्रभावी संदेश भी दिया।

### नशा हमें शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता है: विधायक

स्वतंत्रता दौड़ के समापन के उपरांत रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि कल स्वतंत्रता दिवस है। आज़ादी के महानायकों ने अपना बलिदान देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई है। हमें उनके सपनों का भारत बनाना है। उन्होंने नशे को समाज के लिए घातक बताते हुए कहा कि यह हमें शारीरिक और आर्थिक रूप से बेहद कमजोर कर देता है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए यह भी आवश्यक है कि समाज में जागरूकता बढ़ाकर इन कुरीतियों को दूर किया जाए।

कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम बधाई दी और कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों का पालन कर हम कई कीमती जानों को बचा सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील की हम सब अपने घरों में बताएं कि जब भी मोटर वाहन से वे बाहर जाएं तो सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनकर और सीट बेल्ट लगाकर जाएं। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि नशे की वजह से भी दुर्घटना में वृद्धि हुई है। हम सभी को नशा के खिलाफभी जागरूकता प्रसार कर समाज को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर पार्षद एवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. जी. एस. जात्रा,मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय सिंह, ओमप्रकाश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : संस्कृति और गौरव का होगा भव्य उत्सव : मुख्यमंत्री

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव संस्कृति और गौरव का होगा भव्य उत्सव : मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय



**रायपुर।** राज्य के हर वर्ग, हर समाज और हर उम्र के लोगों की सहभागिता होगी छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में - मुख्यमंत्री श्री सायराज्य के हर वर्ग, हर समाज और हर उम्र के लोगों की सहभागिता होगी छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में - मुख्यमंत्री श्री सायराज्य के हर वर्ग, हर समाज और हर उम्र के लोगों की सहभागिता होगी छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में - मुख्यमंत्री श्री साय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुक्ताकाशी मंच से छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया। यह महोत्सव 15 अगस्त 2025 से शुरू होकर आगामी 6 फरवरी 2026 तक पूरे 25 सप्ताह तक पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास और जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह महोत्सव केवल शासकीय आयोजन न होकर हम सभी प्रदेशवासियों का महोत्सव है, जिसमें राज्य के हर वर्ग, हर समाज और हर उम्र के लोगों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने जन सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि हम सब विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के सपने और दृढ़ संकल्प को लेकर आगे बढ़ेंगे तो मंज़िल ज़रूर मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि अटल जी के प्रयासों से ही छत्तीसगढ़ राज्य का गठन संभव हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है और अब लक्ष्य वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रजत महोत्सव के दौरान प्रदेश के लोकप्रिय 'बस्तर ओलंपिक' और 'बस्तर पंडुम' जैसे पारंपरिक आयोजन भी होंगे, जो स्थानीय खेलों और लोक-संस्कृति को नई ऊर्जा देंगे। जनभागीदारी, सांस्कृतिक विरासत के सम्मान और विकास की भावना के साथ मनाया जाने वाला यह रजत महोत्सव राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य गठन से पहले किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता था। सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का आदर्श मॉडल विकसित किया, जिसके माध्यम से आज लाखों परिवार निःशुल्क खाद्यान्न का लाभ ले रहे हैं और कोई भी भूखा नहीं सोता।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में धान 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ तक खरीदा जा रहा है। पिछले दो वर्षों में किसानों के खातों में एक लाख करोड़ रुपए से भी अधिक की राशि सीधे स्थानांतरित की गई है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद आईआईटी, आईआईएम, आईआईआईटी और

# स्वतंत्रता दिवस 2025 पर छत्तीसगढ़ के 25 पुलिसकर्मियों के नाम पदक सूची में घोषित

**रायपुर ।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के 25 पुलिसकर्मियों के नाम गैलेंट्री मेडल (जीएम), प्रेसिडेंट्स मेडल फ ॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस (पीएसएम) और मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस (एमएसएम) के लिए घोषित किए हैं। यह सम्मान आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने और वामपंथी उग्रवाद से निपटने में राज्य की अहम भूमिका को रेखांकित करता है।

गैलेंट्री मेडल असाधारण साहस और उत्कृष्ट परिचालन क्षमता के लिए छत्तीसगढ़ के 14 पुलिसकर्मियों के नाम गैलेंट्री मेडल के लिए घोषित किए गए हैं। इनमें आईपीएस अधिकारी सुनील शर्मा (पुलिस अधीक्षक), संदीप कुमार मडिले (उप निरीक्षक) और आरक्षक मदकम पांडु, मदकम हदमा, मदकम देव, बरसे हुंगा, रोशन गुप्ता सहित अन्य शामिल हैं। तीन पुलिसकर्मियों ड्ड स्वर्गीय रामुराम नाग (सहायक उप निरीक्षक), स्वर्गीय कुंजाम जोगा (आरक्षक) और स्वर्गीय वंजाम भोमा (आरक्षक) ड्ड को कर्तव्य-पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान के लिए मरणोपरांत सम्मानित किया गया है। ये घोषणाएं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में राज्य पुलिस के जोखिमपूर्ण अभियानों और अदम्य साहस को दर्शाती हैं।

प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस (क्कस्रू)

लंबे समय तक उच्च कोटि की उत्कृष्ट सेवा के लिए छत्तीसगढ़ के एक अधिकारी का नाम पीएसएम सूची में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ के निदेशक हिमांशु गुप्ता को उनके नेतृत्व, पेशेवर ईमानदारी और राज्य में पुलिसिंग व जनसुरक्षा में निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस (स्स्रू)

लगन, अनुकरणीय सेवा और निरंतर योगदान के लिए छत्तीसगढ़ के 10 पुलिसकर्मियों को एमएसएम के लिए चुना गया है। इनमें पुलिस महानिरीक्षक ध्रुव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, कमांडेंट श्वेता राजमणि, पुलिस अधीक्षक रवी कुमार कुर्रे, निरीक्षक (एमआईएन) कौशल्या भट्ट, सहायक पुलिस महानिरीक्षक रोहित कुमार झा, निरीक्षक (एमआईएन) कमलेश कुमार मिश्रा, प्लाटून कमांडर दल सिंह नामदेव, कंपनी कमांडर दिलीप कुमार साहू और सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार बरुआ शामिल हैं। इनका योगदान अभियान संचालन, प्रशासनिक दक्षता और सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्रों में रहा है।

समग्र उपलब्धि

14 गैलेंट्री मेडल, एक प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस और 10 मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस 2025 के सम्मानों में शानदार प्रदर्शन किया है। ये घोषणाएं राज्य के पुलिसकर्मियों के साहस, नेतृत्व और समर्पण को सलाम करती हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा में छत्तीसगढ़ की अहम भूमिका को रेखांकित करती हैं।

# आदिवासी बहुल जिलों में 4.63,319 टन चावल की कालाबाजारी

### केवल आदिवासी जिलों को छोड़ दिया गया, क्योंकि उनके द्वारा दूसरा रास्ता नहीं चुना था



**रायपुर ।** खाद्य विभाग के राशन दुकानों में आदिवासी बहुल जिलों में 1 अरब 28 करोड़ रुपए की 4.63,319 टन चावल की कालाबाजारी के भेट चढ़ गया। विधानसभा जांच समिति को खाद्य विभाग द्वारा दिए गए जानकारी की समीक्षा कर आगे की कार्यवाही करने की दिशा निर्धारित करेगा। समिति के सदस्य इस बात को लेकर आश्चर्य चकित है कि राशन दुकानों में चावल के स्टाक की जानकारी खाद्य निरीक्षकों के द्वारा संचालनालय को देने के बाद भी बचत स्टाक को क्यों घटा कर नहीं दिया गया?खाद्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि खाद्य विभाग के एनआईसी के द्वारा तकनीकी त्रुटि का कारण बता कर सामान्य जिलों के लगभग चार सौ करोड़ रुपए के चावल का समायोजन कर चुका है। केवल आदिवासी जिलों को इस कारण छोड़ दिया गया क्योंकि उनके द्वारा दूसरा रास्ता नहीं चुना था। 10 जिलों में 4,633,19 टन चावल जिसका बाजार में कीमत 128.09 करोड़ रुपए की प्रमाणित कालाबाजारी करवाई गई। कोरबा चावल बचत घोटाले में सबसे आगे

पिछले शासन काल में कोरबा जिले में पीडीएस चावल बचत घोटाले में सबसे आगे रहा। 16.59 करोड़ के मूल्य का 4669.56 टन चावल कालाबजारी हुई। ये गड़बड़ी 298 राशन दुकानों के द्वारा की गई। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी की गई। 50 राशन दुकान निलंबित हुई, 31 निरस्त हुई। सिर्फ 31 दुकानों को राजस्व वसूली का नोटिस जारी हुआ। जिन 298 राशन दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ, उनमें से केवल 112 के विरुद्ध कार्यवाही हुई।

# छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने स्वतंत्रता दिवस पर पहली बार लहराया तिरंगा

### गूंजे भारत माता की जय, शहीद अमर रहें

### शहीदों के सम्मान में पहली बार भगत सिंह चौक पर लहराया तिरंगा

रायपुर के भगत सिंह चौक पर पहली बार लहराया तिरंगा, गूंजे भारत माता की जय, शहीद अमर रहें।

छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने स्वतंत्रता दिवस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान को दी भावभीनी श्रद्धांजलि।

**लोकशक्ति**



रायपुर के हृदयस्थल शहीद भगत सिंह चौक ने आज एक ऐतिहासिक क्षण देखा, जब स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पहली बार तिरंगा शान से लहराया गया। इस गरिमामय आयोजन का नेतृत्व छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने किया और देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदे-आज़म सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में समाज के सभी लोग हाथों में तिरंगा थामे ÷भारत माता की जय÷, ÷वंदे मातरम÷, ÷शहीद भगत सिंह अमर रहें÷, ÷राजगुरु-सुखदेव अमर रहें÷ के गगनभेदी नारे लगाते हुए एकजुट हुए। वातावरण में देशभक्ति का जोश और बलिदान की स्मृति गूंज रही थी।

यह पहला अवसर था जब छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने शहीदों की इस पावन धरती को राष्ट्रध्वज से अलंकृत कर उनके अमर बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

इस ऐतिहासिक पल के साक्षी रहे छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा, वरिष्ठ समाजसेवी सुरजीत सिंह छाबड़ा, मनजीत सिंह भाटिया, जागीर सिंह बावा, गुरमीत सिंह टोनी तथा दशमेश सेवा सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ढिल्लन।

यह आयोजन न केवल शहीदों की स्मृति को अमर करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को उनके त्याग, साहस और देशभक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित भी करेगा।

पहली बार शहीद भगत सिंह चौक पर लहराया तिरंगा।

## शासकीय कार्य में बाधा डालने पर शोएब ढेबर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**रायपुर ।** दिनांक 04 अगस्त 2025 को रायपुर के केन्द्रीय जेल में एक गंभीर मामला सामने आया, जहां विचाराधीन बंदी अनवर ढेबर के पुत्र शोएब ढेबर ने जेल के मुलाकात कक्ष में तैनात प्रहरी को धौंस दिखाते हुए गाली-गलौज की और अवैधानिक रूप से अंदर प्रवेश कर अपने पिता से मिलने का प्रयास किया। इस दौरान उसने शासकीय कार्य में बाधा डाली, जिसके चलते जेल प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस को सूचित किया। घटना की शिकायत पर थाना गंज में अपराध क्रमांक 204/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 329, 211 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना गंज पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शोएब ढेबर को गिरफ्तार कर लिया।

# बिजली बिल कम हुआ, मेंटेनेंस की चिंता नहीं..., छत पर पावर जनरेटर बने सौर ऊर्जा प्लांट

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत तेजी से काम हो रहा है। इस योजना में जब से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य सरकार द्वारा भी तीस हजार रूपए की सब्सिडी की घोषणा की है। तब से सोलन प्लांट लगवाने के लिए लोग तेजी से आवेदन कर रहे हैं। नगर निगम रायगढ़ के लोचन नगर निवासी श्री प्रदीप मिश्रा इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाकर न केवल अपने घर की बिजली खपत में कमी ला रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सराहनीय योगदान दे रहे हैं। अपने घर की छत पर सोलर पावर प्लांट लगवाने से श्री मिश्रा के घर का बिजली बिल आधा हो गया है। एक बार प्लांट लगने के बाद उसके रख-रखाव, मरम्मत या मेंटेनेंस की चिंता भी नहीं रही है।

श्री मिश्रा ने अपने मकान की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफ्टॉप पैनल स्थापित कराया है। पहले उन्हें सौर ऊर्जा के बारे में सीमित जानकारी थी, लेकिन बिजली विभाग से योजना की जानकारी मिलने के बाद



उन्होंने विभाग की तकनीकी सहायता से यह सिस्टम लगवाया। कुल लागत के लिए उन्होंने ग्रामीण बैंक से ऋण लिया, जिसमें केंद्र सरकार से 78,000 रुपये और राज्य सरकार से 30,000 रुपये की सब्सिडी मिली। उन्होंने बताया कि सौर पैनल लगवाने के बाद से उनके बिजली बिल में कमी आई है। पहले प्रति माह लगभग 550 यूनिट बिजली की खपत होती थी, लेकिन अगस्त महीने में यह घटकर करीब 300 यूनिट रहने का अनुमान है।

श्री मिश्रा ने कहा कि इस योजना से न केवल आर्थिक बचत होती है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण प्रदूषण को भी कम किया जा सकता है। श्री मिश्रा ने जिले के अन्य नागरिकों से भी अपील की कि वे प्रधानमंत्री श्सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अवश्य लें। योजना के तहत विभिन्न क्षमताओं के सोलर पैनलों पर सरकार द्वारा अलग-अलग सब्सिडी दी जाती है और बिजली विभाग की मदद से शीघ्र स्थापना कराई जाती है। इस योजना का लाभ उपभोक्ताओं को पूर्णत ऑनलाईन प्रक्रिया के तहत दिया जा रहा है। जिसके तहत उपभोक्त स्वयं ऑनलाईन पोर्टल cgiti.admissions.nic.in पर लॉग इन कर अथवा पीएम सूर्यघर मोबाईल ऐप सीएसपीडीसीएल के वेबसाइट, मोर बिजली एप एवं बिजली कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते हैं।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह: मुख्यमंत्री ने 35 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को पुलिस पदकों से किया सम्मानित

### पुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया अलंकृत



**रायपुर।** पुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया अलंकृत पुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया अलंकृत

पुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया अलंकृत

पुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया अलंकृतपुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया अलंकृतपुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया अलंकृतपुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया अलंकृतपुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया अलंकृतपुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य आयोजन में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 35 पुलिस अधिकारियों और जवानों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदकों से सम्मानित किया। श्री साय ने पुलिस वीरता पदक से 11, राष्ट्रपति पुलिस पदक से 01, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 11, सुधार सेवा पदक से 05, गृहरक्षक एवं सराहनीय सेवा पदक 01 और राज्य स्तरीय एवं पुलिस महानिदेशक पदकों से 06 अधिकारी-कर्मचारियों को अलंकृत किया।

# गुरु गहिरा अंबिकापुर-पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति की तलाश हुई तेज

### स्थानीय मीडिया हाउस सहित राष्ट्रीय संस्थान के प्राध्यापक हुए सक्रिय

### राजभवन ने बनाई सर्च कमेटी

**रायपुर ।** राज्य में गुरु गहिरा विवि अंबिकापुर तथा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि में कुलपति की तलाश के लिए सर्च कमेटी गठित कर दी गई है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता की कुलपति बनने के लिए कई राष्ट्रीय संस्थान एवं मीडिया हाऊस के पत्रकार सक्रिय हो गये है।

अंबिकापुर स्थित गुरु गहिरा विवि में कुलपति के चयन के लिए सर्च कमेटी गठित कर दी गई है। यहां पर कुलपति का पद पिछले कई दिनों से रिक्त है। यहां पर कुलपति के नहीं होने से शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। कुलपति बनाने के लिए सर्च कमेटी बनाई गई है जिसमें कई प्राध्यापकों को रखा गया है। इसके अलावा उम्मीदवारों को विवि उन्नयन के लिए क्या करना होगा। इसके बारे में बताना होगा। सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्राध्यापक एवं प्राचार्य इस दौर में शामिल हैं। लेकिन अभी तक राजभवन में कोई अंतिम बैठक नहीं हुई है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि का कुलपति पद रिक्त है यहां पर महादेव कावरे संभागायुक्त कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यरत है। राज्यपाल रामेन डेका को विवि के विरुद्ध अनेक शिकायतें मिली है। वे मौकाएं वरदात पर इसकी जांच करने पहुंचे थे। यहां पर प्राध्यापकों की कमी है तथा यूजीसी से संबद्धता को लेकर पूरी प्रक्रिया नहीं होने के कारण यहां पर वेतन के लाले पड़े हुए हैं। इस विवि के कुलपति बनने के लिए नामचीन मीडिया हाउस के संपादक एवं पत्रकार सक्रिय हो गये हैं। लेकिन सरकार ने अब इस नियम को ही संशोधित कर दिया है जिसके कारण विवि में पढ़ाने वाले प्राध्यापक ही अब कुलपति बन पाएंगे।

संपादकीय

## विपक्ष का वोटचोरी का आरोप बेबुनियादी निराधार

लगता है विपक्ष को हार के वजह को खोजने के बजाय लोकतंत्र की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाने का बहाना मिल गया है । विपक्ष को लगता है कि अब वोट भी लेना मुश्किल हो चुका है तो बहाना ही सही जनता को अपने तरफ करने का प्रयास मिल चुका है। राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों के बाद अब विपक्ष के अन्य नेता भी खुल कर सामने आ रहे हैं। राकांपा (शरद पवार) अध्यक्ष शरद पवार ने दावा किया है कि 2024 के महाराष्ट्र चुनाव से ऐन पहले दो व्यक्तियों ने दिल्ली में उनसे मुलाकात की थी जिसमें 288 सीटों में से 160 में जीत की गारंटी दी थी। पवार ने यह खुलासा उस वक्त किया है जब राहुल गांधी निर्वाचन आयोग व भाजपा पर वोटचोरी का आरोप लगा रहे हैं। राहुल गांधी इसे संविधान के खिलाफ अपराध बोल चुके हैं। उन्होंने जनता का समर्थन जुटाने के लिए वोटचोरी नाम से पोर्टल भी लॉन्च किया है। राहुल ने संदेश दिया कि वोट हमारे लोकतंत्र की नींव है जिस पर भाजपा द्वारा सुनियोजित हमला किया जा रहा है ।



## बेशकीमती है तेरे आंसू माँ दूध तो अमृत गंगा है,

माँ मुझे जन्म देकर जिंदगी का उजाला दिया,
इतनी शक्ति ऊर्जा दी पवित्र शब्द माँ पुकारता हूँ

तेरे दूध की ही ताकत से माँ बलवान हुआ,
तब जाकर देश की सीमा में दुश्मन से टकराता हूँ।

पिता के करारे थप्पड़ों से तेरे आँचल ने बचाया मुझे,
तब तो देश के गद्दारो से इंसानियत
को बचाता हूँ।

बेशकीमती है तेरे आंसू माँ दूध तो अमृत गंगा है,
उसी के दम पर सरहदों पर दुश्मनों के सर काट पाता हूँ।

माँ तेरे दूध से तो मेरी दुनिया मेरी ताकत है कायम,
तू है तो कभी कृष्ण अर्जुन भीम कभी राम बन पाता हूँ।

आज फिर नन्हा शिशु बना आँचल में समेट ले माँ,
दुनिया की कुटिलता से परे नन्हा तेरा कान्हा बन जाता हूँ।

– **संजीव ठाकुर ।**

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन
PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra-Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# लालकिले से ललकार भी हुंकार भी



ऋतुपर्ण दवे
rituparndave@gmail.com



लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वाधीनता दिवस का इस बार का संबोधन कुछ अलग और कई संकेतों से भरा था। उनका 103 मिनट का भाषण न केवल अब तक का सबसे बड़ा बल्कि सख्त और साफइरादों को दर्शाने वाला था। यह कूटनीति लिहाज से भी गहरे मायनों से भरा था। जहां एक ओर शुरुआत में ही धारा 370 को हटाकर, एक देश एक संविधान की बात कही। वहीं ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए सेना को खुली छूट देने का सच भी सामने रखा। दरअसल प्रधानमंत्री का यह संबोधन कई मायनों में बेहद अलग, सख्त और दुनिया के लिए कूटनीतिक बयानों जैसा था। साथ ही साथ देश में भी घट रही अस्वीकार्य घटनाओं से निपटने की चेतावनी भी। इसके अलावा देश की तरक्की, युवाओं को प्रोत्साहन, उपब्धियों और दुनिया के महत्वपूर्ण मिशन में भारतीय योगदान पर भी केन्द्रित था। प्रधानमंत्री ने शायद ही ऐसा कोई विषय छोड़ा हो जो जरूरी न हो। इतना ही नहीं इशारों ही इशारों में जहां अमेरिका और चीन को उसकी हैसियत बताई वहीं खुलेआम पाकिस्तान को भी लताड़ लगाई।

पहले जानते हैं कि उन्होने क्या-क्या कहा। पहलगाम हमले पर पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उनके आतंकी हेडक्वार्टर्स को मिट्टी में मिलाने का जिक्र कर पाकिस्तान की नींद गायब होने की भी बात कही। लंबे समय से चल रहे न्यूक्लियर ब्लैकमेल को नहीं सहने और सेना की शर्तों पर मुंह तोड़ जवाब देने की बात भी कही। पुराने सिंधु जल समझौते को अन्याय पूर्ण बताया और कहा कि भारत की नदियां दुश्मनों के खेत सींचे और देश के किसान की धरती प्यासी रहे? सिंधु समझौते के उस स्वरूप को आगे नहीं सहा जाएगा। 21वीं सदी टेक्नोलॉजी ड्रिवन सेंचुरी है। 50-60 साल पहले सेमीकंडक्टर पर विचार हुआ। लेकिन फाइलें वहीं अटक गईं। सेमीकंडक्टर के विचार की भ्रूण हत्या हो गई। बाद में कई देश सेमीकंडक्टर में महारत हासिल कर दुनिया को अपनी ताकत को दिखा रहे हैं। मिशन मोड में इस काम को आगे बढ़ाने तथा 6 अलग-अलग सेमीकंडक्टर यूनिट्स लगाने जिसमें चार की स्वीकृति की जानकारी दी। वर्ष के अंत तक मेड इन इंडिया यानी भारत की बनी हुई चिप्स बाजार में होना बड़ी उपलब्धि होगी। प्रधानमंत्री ने अन्य कई योजनाओं, उपलब्धियों की भी चर्चा की। 11 वर्षो में सोलर एनर्जी का उपयोग 30 गुना बढ़ना। नए-नए डैम बना जल शक्ति का विस्तार कर क्लीन एनर्जी की ओर बढ़ना। 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर तेजी से काम करना। 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना ताकि देश की आजादी के 100 साल पर हमारी परमाणु ऊर्जा क्षमता 10 गुना से भी अधिक हो।

ग्लोबल वार्मिंग से निपटने तय 2030 तक क्लीन एनर्जी में 50 प्रतिशत लक्ष्य 5 साल पहले ही हासिल करना हमारी प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता है। नेशनल क्रिटिकल मिशन लॉन्च कर 1200 से अधिक स्थानों पर खोज अभियान से हम क्रिटिकल मिनरल में भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। युवाओं का आव्हान किया कि क्या हमारे अपना मेड इन इंडिया फाइटर जेट्स खातिर जेट इंजन भी हमारे हों? हम फार्मा ऑफ द वर्ल्ड हैं। अब समय की मांग नहीं कि हम रिसर्च और डेवलपमेंट में और ताकत लगाएं। हमारे अपने पेटेंट हों। मानव कल्याण हेतु सस्ती, सबसे कारगर नई-नई दवाइयों पर शोध हो। संकट में बिना साइड इफेक्ट के जन कल्याण में काम आए। प्रधानमंत्री मोदी ने आव्हान किया कि आईटी का युग है, डेटा ताकत है। क्या समय की मांग नहीं है कि ऑपरेटिंग सिस्टम से लेकर के साइबर सुरक्षा, डिप टेक से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, सारी चीजें हमारी अपनी हों। अपनी सामर्थ्य शक्ति से विश्व को परिचित कराने की बात कहते हुए कहा कि हमारा यूपीआई दुनिया को अजूबा लग रहा है। रियल टाइम ट्रांजैक्शन 50 प्रतिशत अकेला भारत यूपीआई से कर रहा है। क्रिएटिव वर्ल्ड, सोशल मीडिया जितने भी प्लेटफॉर्म्स हैं हमारे अपने क्यों ना हों? क्यों भारत का धन बाहर जाए? मुझे युवाओं के सामर्थ्य पर भरोसा है।

प्रधानमंत्री ने ईवी बैटरी, सोलर पैनल, महिला स्वसहायता समूह, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद में पहचान के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म्स के लिए टास्क फोर्स गठन व समय सीमा में काम पूरा करने ताकि वर्तमान नियम, कानून, नीतियां, रीतियां 21वीं सदी के और वैश्विक वातावरण के अनुकूल हो, भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के संदर्भ में हो। नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स को दिवाली का तोहफा बताते हुए लोगों की जरूरतों पर लग रहे भारी टैक्स को बहुत कम करने से एमएसएमई, लघु उद्यमियों को लाभ मिलने और रोजमर्रा की चीजें बहुत सस्ती होने से इकॉनामी को नया बल मिलने की बात भी कही। प्रधानमंत्री मोदी ने षड्यंत्र के तहत, सोची समझी साजिश के जरिए देश की डेमोग्राफी को बदलने को नया संकट बताया। घुसपैठिए, देश के नौजवानों का हक छीन रहे हैं, बहन बेटियों को निशाना बना रहे हैं। यह बर्दाश्त नहीं होगा। हमारे पूर्वजों ने त्याग और बलिदान से आजादी पाई है। एक हाई पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय किया है। जो ऐसे भीषण संकट से निपटने के लिए तय समय में कार्य करेगा, उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

इस बार के संबोधन से इतना तो साफ हो गया कि प्रधानमंत्री ने ज्यादा फोकस बजाए दीर्घ कालिक योजनाओं के मौजूदा चुनौतियों और उनसे निपटने के मंसूबों को देश के सामने रखा। ब्लैकमेलिंग नहीं सहने, ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र, स्वदेशी मजबूरी नहीं मजबूती सहित पाकिस्तान को खुलेआम तो अमेरिका को संकेतों में चेताया भी। पहली बार लालकिले से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल की राष्ट्र की सेवा का जिक्र करना और मां भारती के कल्याण का लक्ष्य लेकर सेवा, समर्पण, संगठन और अप्रतिम अनुशासन की चर्चा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को दुनिया का यह सबसे बड़ा एनजीओ है बताना तथा आपातकाल का हवाला भी देने के कई राजनीतिक मायने निकाले जाएंगे।

संभव है कि लोकसभा में आई कम सीटों, आरएसएस से और बेहतर तालमेल, विपक्ष पर पहले के मुकाबले कम हमलावर होने से सहयोगियों को भी ज्यादा सोचने का मौका नहीं देना कोई रणनीति हो। लेकिन डेमोग्रॉफी की चर्चा कर बिहार-बंगाल के आगामी चुनाव साथ ही आपातकाल की याद दिला विरोधियों सहित किन पर निशाना साधा है, देश समझता है। सेना को खुली छूट की बात दोहराना बहुत बड़ा संकेत है कि पाकिस्तान पर हमारी नजरें अभी भी टेढ़ी हैं। राजनीतिक नजरिए से भले ही उनके संबोधन के लोग अलग-अलग मायने निकालें, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12वीं बार सबसे ज्यादा देर, 103 मिनट संबोधित कर, दुनिया को अपने इरादे साफकर दिए हैं। अब वक्त है पक्ष-विपक्ष का जो उनके भाषण के अपने-अपने, कैसे-कैसे और क्या-क्या मायने निकालता है।

**यह निजी विचार है।**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वतंत्रता आंदोलन

लोकेन्द्र सिंह राजपूत

संघ के स्वयंसेवकों ने 1942 के 'अंग्रेजो, भारत छोड़ो' आंदोलन में भी सहभागिता की। 8 अगस्त, 1942 को मुंबई के गोवलिया टैंक मैदान पर कांग्रेस अधिवेशन में महात्मा गांधीजी ने आंदोलन की घोषणा की। दूसरे दिन से ही देशभर में आंदोलन प्रारंभ हो गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक के बारे में अज्ञानता से घिरे लोग अकसर यह प्रश्न पूछते हैं कि स्वतंत्रता आंदोलन में संघ की क्या भूमिका रही है? कुछ लोग इससे भी आगे बढ़ जाते हैं और पूछते हैं कि संघ के किसी एक कार्यकर्ता का नाम ही बता दीजिए, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया हो? संघ की स्थापना जिन्होंने की, वे डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार स्वयं ही जन्मजात देशभक्त थे। डॉ. हेडगेवार क्रांतिकारी भी रहे, कांग्रेस में रहकर राजनीतिक संघर्ष किया और जेल भी गए। बाद में, देश की सर्वांग स्वतंत्रता और स्वतंत्रता को स्थायी बनाने के उद्देश्य से उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। डॉ. हेडगेवार अकेले नहीं हैं, अपितु स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेनेवाले संघ के ज्ञात-अज्ञात कार्यकर्ताओं की लंबी श्रृंखला है। जो संगठन अपने कार्यकर्ताओं को यह शपथ दिलाता हो कि ÷मैं हिन्दूराष्ट्र को स्वतंत्र कराने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घटक बना हूँ÷, उसने कितने ही लोगों के मन में स्वतंत्रता प्राप्ति का भाव भरा होगा, उसकी सहज कल्पना की जा सकती है।

भारत में प्रतिज्ञा का बहुत महत्व है। हमें भीष्म प्रतिज्ञा का स्मरण है। राजा हरिशचंद्र की सत्य बोलने की प्रतिज्ञा ध्यान है। मुगलिया सल्तनत के अत्याचार के विरुद्ध महाराण प्रताप की प्रतिज्ञा को कौन भूल सकता है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने शिव को साक्षी मानकर प्रतिज्ञा करके 'स्वराज्य' की नींव रखी, जिसे साकार करने में संपूर्ण समाज प्राणपण से जुट गया। संघ के स्वयंसेवक भी इसी भाव के साथ प्रतिज्ञाबद्ध होते हैं कि वह जो प्रतिज्ञा ले रहे हैं, उसको पूर्ण करने में अपना सर्वस्व देंगे और प्रतिज्ञा को आजन्म निभाएंगे। मार्च 1928 में नागपुर के निकट एक पहाड़ी पर स्वयंसेवकों को एकत्र करके, भगवाध्वज के समक्ष प्रतिज्ञा का पहला कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया था। देश की पूर्ण स्वतंत्रता एवं विकास के लिए स्वयंसेवकों को वीरव्रती बनाने के निमित्त आयोजित इस प्रथम कार्यक्रम में 99 स्वयंसेवकों ने प्रतिज्ञा की थी। इस अवसर पर डॉ. हेडगेवार ने संघ के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए जो भाषण दिया, वह स्वतंत्रता प्राप्ति की संघ की आकांक्षा को स्पष्टतौर पर व्यक्त करता है। उन्होंने कहा- ÷हमारा उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र की पूर्ण स्वाधीनता है। संघ का निर्माण इसी महान लक्ष्य के लिए हुआ है÷। इस स्पष्ट अभिव्यक्ति के बाद कहने के लिए कुछ और भी बचता है क्या? यह भी समझना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता अपनी नित्य प्रार्थना में कहते हैं कि इस राष्ट्र को परम वैभव पर लेकर जाना है। क्या कोई पराधीन राष्ट्र परम वैभव पर जा सकता है? स्पष्ट है कि भारत की स्वतंत्रता का लक्ष्य संघ की स्थापना में निहित था।



डॉक्टर साहब ने 1929 में वर्धा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में भी स्वयंसेवकों एवं नागरिकों की एक सभा में प्रखरता के साथ कहा- ÷ब्रिटेन की सरकार ने अनेक बार भारत को स्वतंत्र करने का आश्वासन दिया है, परंतु वह झूठा साबित हुआ। अब यह साफ हो गया कि भारत अपने बल पर स्वतंत्रता प्राप्त करेगा÷। याद रहे कि डॉ. हेडगेवार ने महात्मा गांधी के आह्वान पर 'नमक सत्याग्रह' में शामिल होकर विदर्भ प्रांत में 1930 में 'जंगल सत्याग्रह' किया। इस आंदोलन में उनके साथ अनेक प्रमुख स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। सत्याग्रहियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। डॉक्टर साहब को नौ माह का कठोर कारावास दिया गया। इससे पूर्व 1921 के आंदोलन में भी डॉक्टर साहब को जेल की सजा हुई थी। महात्मा गांधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन को मध्यभारत में सफल बनाने के लिए स्वयंसेवकों ने अथक प्रयास किया। संघ के सरकार्यवाह जीएम हुद्दार, नागपुर के संघचालक अप्पा साहेब हलदे, सिरपुर के संघचालक बाबूराव वैद्य, संघ के सरसेनापति मार्तंडराव जोग के साथ संघ के अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं के आंदोलन में शामिल होने के कारण चार-चार माह का कारावास मिला।

अपनी स्थापना के कई वर्षों बाद कांग्रेस को जनमानस के दबाव के कारण 31 दिसंबर, 1929 को लाहौर में रावी के तट पर पहली बार 'पूर्ण स्वराज्य' का प्रस्ताव पारित करना पड़ा। याद रहे कि डॉ. हेडगेवार ने 1920 में नागपुर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में ही पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित कराने का प्रयास किया था। उन्होंने कांग्रेस की प्रस्ताव समिति के सामने सुझाव रखा था कि कांग्रेस का उद्देश्य भारत को पूर्ण स्वतंत्र कर भारतीय गणतंत्र की स्थापना करना और विश्व को पूंजीवाद के चंगुल से मुक्त करना होना चाहिए। बहरहाल, सम्पूर्ण स्वतंत्रता का उनका सुझाव कांग्रेस ने 9 वर्ष बाद 1929 के लाहौर अधिवेशन में स्वीकृत किया। कांग्रेस का यह निर्णय संघ के घोषित उद्देश्य के अनुरूप था। इसलिए इससे आनंदित होकर सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार ने संघ की सभी शाखाओं को 26 जनवरी, 1930 को कांग्रेस का अभिनंदन करने, राष्ट्रध्वज का वंदन करने और स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही यह भी कहा कि शाखाओं पर भाषण करके स्वतंत्रता के वास्तविक अर्थ एवं महत्व को समझाया जाए। सरसंघचालक के निर्देशानुसार, संघ की सभी शाखाओं पर 26 जनवरी, 1930 को सायं 6 बजे स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

संघ के स्वयंसेवकों ने 1942 के 'अंग्रेजो, भारत छोड़ो' आंदोलन में भी सहभागिता की। 8 अगस्त, 1942 को मुंबई के गोवलिया टैंक मैदान पर कांग्रेस अधिवेशन में महात्मा गांधीजी ने आंदोलन की घोषणा की। दूसरे दिन से ही देशभर में आंदोलन प्रारंभ हो गया। विदर्भ में बावली (अमरावती), आष्टी (वर्धा) और चिमूर (चंद्रपुर) में हुए आंदोलनों में संघ के स्वयंसेवकों ने ही नेतृत्व किया। चिमूर के समाचार बर्लिन रेडियो पर भी प्रसारित हुए। यहां के आन्दोलन का नेतृत्व कांग्रेस के उद्धवराव कोरेकर और संघ के अधिकारी दादा नाईक, बाबूराव बेगडे, अण्णाजी सिरास ने किया। चिमूर के इस आन्दोलन में अंग्रेज की गोली से एकमात्र मृत्यु बालाजी रायपुरकर की हुई, जो संघ स्वयंसेवक थे। इस आंदोलन के अंतर्गत राजस्थान में प्रचारक जयदेवजी पाठक, आर्वी (विदर्भ) में डॉ. अण्णासाहब देशपांडे, जशपुर (छत्तीसगढ़) में रमाकांत केशव (बालासाहब) देशपांडे, दिल्ली में वसंतराव ओक एवं चंद्रकांत भारद्वाज और पटना (बिहार) में अधिवक्ता कृष्ण वल्लभप्रसाद नारायण सिंह (बबुआजी) ने भाग लिया।

अंग्रेज सरकार संघ के बढ़ते प्रभाव से घबरा गई थी। इसलिए उसने संघ पर आंशिक प्रतिबंध लगाने शुरू कर दिए ताकि संघरूपी आंदोलन को रोका जा सके। गुप्तचर विभाग की रिपोर्ट के आधार पर अंग्रेज सरकार ने सबसे पहले 15 दिसंबर, 1932 को एक सर्कुलर निकालकर सरकारी कर्मचारियों को संघ में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया। वहीं, 5 अगस्त, 1940 को ब्रिटिश सरकार ने संघ की सैनिक वेशभूषा और प्रशिक्षण पर पूरे देश में प्रतिबंध लगा दिया। क्योंकि सरकार को गुप्तचर रिपोर्ट में यह जानकारी मिलने लगी थी कि संघ के स्वयंसेवक पूर्ण स्वतंत्रता की ओर तेजी से अग्रसर हैं। राष्ट्रीय आंदोलनों में बढ़-चढ़ कर सहभागिता कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संघ के प्रचारक बाबा साहब आप्टे ने 12 दिसंबर, 1943 को जबलपुर में गुरुदक्षिणा उत्सव पर स्वयंसेवकों से कहा- ÷अंग्रेजों का अत्याचार असहनीय है, देश को स्वतंत्रता के लिए तैयार हो जाना चाहिए÷। संघ अपनी स्थापना के समय से ही देश की स्वतंत्रता का स्वप्न लेकर चल रहा था। भारत की सर्वांग स्वतंत्रता के लिए संघ के स्वयंसेवक प्रतिज्ञाबद्ध थे इसलिए अवसर आने पर उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलनों में सहभागिता की, जेल गए और बलिदान भी दिया। **यह निजी विचार है।**

# चुनाव परिणाम की विश्वसनीयता पर जनता के मन में शंका

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

लोकतंत्र का आधार चुनाव कराना ही नहीं, बल्कि चुनाव ऐसे कराना है कि इसकी निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर जनता का भरोसा बना रहे। हाल में लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों ने देश की चुनावी प्रक्रिया पर बहस को नये मोड़ पर ला खड़ा किया है। यह केवल राजनीतिक विवाद नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को प्रभावित करने वाला गंभीर मसला है, जिसे न केवल राजनीतिक, बल्कि संवैधानिक और संस्थागत दृष्टि से भी परखना आवश्यक है।

राहुल ने अपने आरोपों में दावा किया है कि 2024 के आम चुनाव में बड़े पैमाने पर मतदाता सूचियों में फर्जी नाम जोड़े गए और असली मतदाताओं के नाम गलत तरीके से काटे गए। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में भी यह प्रवृत्ति देखने को मिली है। विपक्ष का आरोप है कि यह सब भारतीय जनता पार्टी को चुनावी लाभ देने के उद्देश्य से किया गया जिससे मतदाता सूची में हेरफेर कर परिणामों को प्रभावित किया जा सके। चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज करने की बजाय 'हलफनामा' देने को कहा है।

कर्नाटक समेत तीन राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे संबंधित मतदाताओं के नाम दें जिन पर आरोप है कि उनके नाम फर्जी तरीके से जोड़े या काटे गए हैं। आयोग का कहना है कि इन दावों की सटीक जांच के लिए तथ्यों और ठोस प्रमाण की आवश्यकता है, महज आरोप पर्याप्त नहीं। आयोग का यह रु ख जहां नियम-सम्मत प्रतीत होता है, वहीं विपक्ष के आरोपों की गंभीरता को देखते हुए इनकी जांच में तत्परता और पारदर्शिता की मांग भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण हो जाती है। विवाद केवल आंकड़ों और आरोपों का खेल नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के मूल 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत से भी जुड़ा है। यदि वाकई एक मतदाता के नाम पर कई वोट दर्ज हैं, तो यह सीधे-सीधे मतदान प्रक्रिया की पवित्रता का उल्लंघन है।

मतदाता सूची का सही और अद्यतन होना चुनाव की निष्पक्षता की पहली शर्त है। राहुल और विपक्षी दलों के आरोप फर्जी नाम जोड़ने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हैं। उनका कहना है कि आयोग मतदाता सूची में गड़बड़ी दूर करने के लिए आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक उपायों को पूरी तरह लागू नहीं कर रहा है। उदाहरणत- आयोग द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन प्रक्रिया शुरू की गई परंतु इसमें भी पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी के आरोप लगते रहे हैं। कई बार फील्ड अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव की आशंका जताई जाती है, जिससे गलत नाम सूची में बने रहते हैं, और सही नाम हटा दिए जाते हैं।

चुनावी पारदर्शिता पर चर्चा करते समय तकनीकी पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। विपक्षी दलों का आरोप है कि आयोग चुनाव प्रक्रिया की निगरानी में पारदर्शिता नहीं बरत रहा। जैसे कि मतदान के बाद वीवीपैट पर्चियों की गिनती सीमित प्रतिशत में करना, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित नहीं रखना और मतदान केंद्रों से ईवीएम की आवाजाही के दौरान पर्याप्त सुरक्षा उपायों का अभाव। ये सभी ऐसे बिंदु हैं, जो जनता के मन में शंका पैदा करते हैं। चुनाव परिणाम की विश्वसनीयता पर भी असर डालते हैं।

उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा मतदाता सूची संबंधी डेटा को ऐसे प्रारूप में जारी नहीं किया जाता जो आसानी से विश्लेषण के लिए उपयुक्त हो। इसके कारण राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों को जांच-पड़ताल में कठिनाई होती है। **यह निजी विचार है।**

# पंचायतों ने पंचायत नेताओं के सम्मान समारोह में 'सभासार' के शुभारंभ के साथ एआई युग में प्रवेश

पीआईबी

इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की विषय वस्तु ÷नया भारत÷ के अनुरूप, जमीनी स्तर पर लोकतंत्र के एक ऐतिहासिक समारोह में, सरपंच, मुखिया और ग्राम प्रधानों सहित देश भर के लगभग 210 निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि, लाल किले पर आयोजित 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। विविध पारंपरिक परिधानों में सजे, उन्होंने ग्रामीण भारत की संस्कृति और भावना का प्रदर्शन किया, जो शासन के तीसरे स्तर की शक्ति का प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में उनकी उपस्थिति और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की।

स्वतंत्रता दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर, इन विशेष अतिथियों को नई दिल्ली में एक विशेष कार्यक्रम ÷आत्मनिर्भर पंचायत, विकसित भारत की पहचान÷ में सम्मानित किया गया। इस समारोह में केन्द्रीय पंचायती राज और मत्स्य पालन पशुपालन और डेयरी मंत्री (एफएएचडी), श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के साथ केन्द्रीय पंचायती राज और एफएएचडी राज्य मंत्री प्रो एस पी सिंह बघेल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर एमओपीआर सचिव श्री विवेक भारद्वाज के साथ मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और देश भर से 425 से अधिक प्रतिभागी भी उपस्थित थे। इन विशिष्ट अतिथियों ने 'सभासार' नामक एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित उपकरण का अनावरण भी देखा, जो ग्राम सभाओं और अन्य पंचायत बैठकों की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग से स्वचालित रूप से संरचित बैठक के मिनट्स (एमओएम) तैयार करता है। साथ ही, ग्रामोदय संकल्प पत्रिका के 16वें संस्करण का भी विमोचन किया गया। यह एक ई-प्रकाशन है जो पंचायत सशक्तिकरण, स्थानीय शासन और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, सफलता की कहानियों और प्रेरक अनुभवों को उजागर करता है। इस 16वें संस्करण का विषय ÷पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण÷ है।



इन विशिष्ट अतिथियों को संबोधित करते हुए, केन्द्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों की उनके अनुकरणीय जमीनी स्तर के कार्यों और सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे हर घर जल, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), मिशन इंद्रधनुष, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आदि को मूर्त रूप देने में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंचायतों को वित्तीय सहायता में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है (पिछले दशक में लगभग पाँच गुना, प्रति व्यक्ति वार्षिक आवंटन ?176 से बढ़कर ?674 हो गया है)। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत, पिछले पाँच वर्षों में लगभग 1.76 करोड़ प्रतिभागियों, जिनमें ज्यादातर पंचायत प्रतिनिधि हैं, को प्रशिक्षित किया गया है। स्वामित्व योजना के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि देश के 3.26 लाख से अधिक गाँवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरे हो चुके हैं, जिसके परिणामस्वरूप 2.63 करोड़ से अधिक कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने दोहराया कि स्वामित्व ने परिवारों को ऋष्टा प्राप्त करने, विवादों को सुलझाने और स्थानीय शासन को बेहतर बनाने में मदद की है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए निरंतर समर्पण दिखाने का आग्रह किया।

## एनएचएआई ने फास्टटैग सालाना पास को देशभर में सफलतापूर्वक लागू किया

**पीआईबी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नागरिकों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करने और ईज ऑफलिविंग को बढ़ाने की परिकल्पना के अनुरूप, एनएचएआई ने 15 अगस्त 2025 से देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर लगभग 1,150 टोल प्लाजा पर 'फास्टैग वार्षिक पास' की सुविधा सफलतापूर्वक लागू कर दी है। वार्षिक पास की सुविधा राष्ट्रीय राजमार्ग का उपयोग करने वालों को खूब पसंद आ रही है। लागू होने के पहले दिन, शाम 7 बजे तक, लगभग 1.4 लाख उपयोगकर्ताओं ने वार्षिक पास खरीदे और उन्हें सक्रिय किया, और टोल प्लाजा पर लगभग 1.39 लाख लेन-देन दर्ज किए गए। किसी भी समय लगभग 20,000-25,000 उपयोगकर्ता राजमार्गयात्रा ऐप का उपयोग कर रहे हैं और वार्षिक पास उपयोगकर्ताओं को टोल शुल्क की जीरो कटौती के लिए एसएमएस संदेश प्राप्त हो रहे हैं। पास उपयोगकर्ताओं के लिए यात्रा को सुगम बनाने के लिए, प्रत्येक टोल प्लाजा पर एनएचएआई अधिकारियों और नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। एनएचएआई विभिन्न माध्यमों से पास उपयोगकर्ताओं के प्रश्नों का समाधान कर रहा है। साथ ही, पास उपयोगकर्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए, 1033 राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन को 100 से अधिक कर्मियों को जोड़कर और भी मजबूत किया गया है।


राज्यपाल श्री डेका ने नागालैण्ड के राज्यपाल श्री गणेशन को दी श्रद्धांजलि


रायपुर : इंद्रावती भवन में डॉ. प्रियंका शुक्ला ने ध्वजारोहण किया

## राज्यपाल श्री डेका ने नागालैण्ड के राज्यपाल श्री गणेशन को दी श्रद्धांजलि



संवाददाता

**रायपुर,** /राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वनवासी विकास समिति छत्तीसगढ़ प्रांत को एम्बुलेंस के लिए 7 लाख 63 हजार 5 सौ रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि इस संस्था द्वारा राज्य के 6 जिलों के 9 विकासखण्डों में स्वास्थ्य आरोग्य रक्षक 112 केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। साथ ही समय समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन भी किया जाता है जिसमें विशेषज्ञ, चिकित्सकों द्वारा जांच एवं उपचार किया जाता है। संस्था को आवागमन की दृष्टि से एम्बुलेंस की आवश्यकता थी जिसके लिए राज्यपाल द्वारा उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की गई। राज्यपाल श्री डेका द्वारा प्रदत्त यह सहयोग सुदूर वनांचलों में मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने के प्रयास करने वाले विशेष अतिथियों को सम्मानित किया गया

पीआईबी

राष्ट्र ने आज 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति की दृढ़ इच्छा शक्ति की सराहना करते हुए इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक विकसित भारत का सपना महिलाओं के सशक्तिकरण और बच्चों के कल्याण पर आधारित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की प्रगति उसकी महिलाओं की प्रगति है और राष्ट्र निर्माण के प्रत्येक क्षेत्र में उनकी अभिन्न केंद्रीय भूमिका है।

ऑपरेशन सिंदूर में सुरक्षा बलों की बहादुरी का अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री ने इसे 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प का प्रमाण बताया और राष्ट्र के सम्मान की रक्षा में उनके साहस की प्रशंसा की। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन सशक्त महिलाओं और सुरक्षित एवं अच्छी तरह से पोषित बच्चों के नेतृत्व में एक समृद्ध भारत के लिए शक्तिशाली आह्वान था। ऑपरेशन सिंदूर में बहादुर बलों के प्रति उनका अभिभावदन और नारी शक्ति की मान्यता हमारे मिशन के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। इस वर्ष सम्मानित किए गए विशेष अतिथि परिवर्तन के सच्चे चैंपियन हैं। इनकी जमीनी स्तर पर अथक सेवा मजबूत और अधिक समावेशी भारत की नींव रख रही है।



आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) के बच्चे, पीएम केयर्स के लाभार्थी, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ), जिला बाल संरक्षण अधिकारी (डीसीपीओ), वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) के कर्मचारी और अन्य अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले विशेष अतिथियों में शामिल थे। इन सभी को आज लाल किले से स्वतंत्रता दिवस समारोह का साक्षी बनने के लिए आमंत्रित किया गया। ये सभी जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने और महिलाओं एवं बच्चों को उनके घरों तक आवश्यक सेवाओं के वितरण को सक्षम बनाने वाले गुमनाम चैंपियन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

13 से 16 अगस्त 2025 तक राजधानी नई दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान इन विशेष अतिथियों ने संसद भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय, कर्तव्य पथ और अन्य ऐतिहासिक स्थलों सहित प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने 14 अगस्त को महिला और बाल विकास राज्य मंत्री (डब्ल्यूसीडी) श्रीमती सावित्री ठाकुर के साथ एक संवाद सत्र में भाग लिया। इस दौरान डब्ल्यूसीडी के सचिव श्री अनिल मलिक और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की। उन्होंने अपने क्षेत्रीय अनुभवों और रचनात्मक कार्यों को साझा किया, जो जमीनी स्तर पर जीवन को आकार दे रहे हैं।

महिलाओं को सशक्त बनाने, बच्चों की सुरक्षा करने और प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान करने में सक्षम बनाने को लेकर महिला और बाल विकास मंत्रालय ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# अन्नपूर्णा देवी ने मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता



## बीमारियों के उपचार में नई तकनीकों की अहम भूमिका-श्री डेका

## नाक, कान गला रोग विशेषज्ञों के सम्मेलन में शामिल हुए राज्यपाल

लोकशक्ति

रायपुर, राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि सभ्यता के विकास के साथ-साथ बीमारियां भी बढ़ी हैं और जीवन शैली ने स्वास्थ्य पर गहरा असर डाला है। उन्होंने कहा कि बीमारियों का पता लगाने एवं उनके उपचार में एआइ, रोबोटिक सर्जरी एवं अन्य नई तकनीकों की भूमिका आज बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। राज्यपाल श्री डेका एम्स रायपुर में आयोजित नाक, कान गला (ईएमटी) रोग विशेषज्ञों के वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



राज्यपाल ने कहा कि 15 अगस्त से प्रारंभ यह तीन दिवसीय सम्मेलन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह भारत के स्वतंत्रता दिवस हमारे अपार राष्ट्रीय गौरव के दिन से शुरू हुआ है। हम स्वतंत्रता और प्रगति के 79 वर्षों का उत्सव मना रहे है। यह सम्मेलन नाक, कान, गला रोग के क्षेत्र के बेहतरीन ज्ञान साझा करने और स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी शोध को आगे बढ़ाने का श्रेष्ठ माध्यम है।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ईएनटी कई ऐसे गंभीर मुद्दों से जुड़ा है, जिनमें सिर, गले के कैंसर प्रमुख हैं। दुर्भाग्य से, छत्तीसगढ़ में तंबाकू सेवन की आदतें व्यापक हैं। जिसके कारण ऐसे मामलों की संख्या काफी अधिक है। उन्होंने इस समस्या से निपटने के लिए समाज और विशेषज्ञों से मिलकर कार्य करने का आव्हान किया। राज्यपाल ने कहा कि बहरापन जीवन की गुणवत्ता प्रभावित करता है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से इस समस्या के समाधान में मदद मिल रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सम्मेलन भी क्षमता निर्माण और जनजागरूकता बढ़ाने में योगदान देगा। श्री डेका ने कहा कि एम्स रायपुर तेज़ी से स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने सम्मेलन के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल उभरती चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत करते है बल्कि नवाचार को भी बढ़ावा देते है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक चर्चाओं, कार्यशालाओं और विचार-विमर्शों जैसे सामूहिक प्रयासों से नई अंतर्दृष्टि, नए समाधान और अंततः रोगियों के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं।





देश और विदेशों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए जाना जाता है।

सम्मेलन में एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. नीतिन नागरकर ने भी अपने विचार रखे। स्वागत उद्बोधन डॉ. रेणु राजगोपाल ने दिया।

इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. मिलिंद वी किर्तने, प्रोफेसर डॉ. ज्योति दाभोलकर, डॉ. मदन कापरे, डॉ. नीतिश जे. शाह सहित देश भर से आए विशेषज्ञ चिकित्सक, एम्स के फैकल्टी मेंबर्स, विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित थे।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# मशाल जुलूस में वोट चोर गद्दी छोड़ के नारों से गूंजा शहर : छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ रहे शामिल

संवाददाता

जांजगीर चांपा /

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी द्वारा उजागर किए गए मतदाता सूची में हेरा फेरी और चुनावी धोखाधड़ी एवं वोट चोरी के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस द्वारा किए गए कैंडल मार्च, मसाल जुलूस में एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी विजय जांगिड , अकलतरा विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप , पामगढ़ विधायक श्रीमती शेष राज हरबंश ,कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार के नेतृत्व में संपन्न हुआ ।



जांजगीर नेताजी सुभाष चौक से कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक तक* वोट चोर, गद्दी छोड़ का गगन चुंबी नारा लगाते हुए 14 अगस्त को रात्रि 8 बजे मसाल जुलूस,कैंडल लाइट मार्च निकाला गया । इसमें प्रमुख रूप से , जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव टिंकू मेमन,गिरधारी यादव,प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा , जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्दकी , विवेक सिसोदिया, उत्तम पाटले,पिछड़ा वर्ग जिला कांग्रेस के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष देव कुमार पाण्डेय ,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, राजेश अग्रवाल,वरिष्ठ कांग्रेसी देवेस सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, शिशिर द्विवेदी,अजित सिंह राणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुघ्न दास महंत , नवल सिंह, संतोष पप्पू शर्मा, सुनील साधवानी, चिंताराम राठौर, सुखराम गरेवाल, पार्षद विष्णु यादव, अरमान खान, विजय अग्रवाल, अक्षय टेकाम, देवराज सिंह,श्रीमती जगदीश्वरी सूर्यवंशी, श्रीमती रेखा सोनवान,अनिल राठौर, आकाश तिवारी, संतोष बबई गढ़वाल,अनिल चौरसिया, , परमेश्वर निर्मले, संजय अग्रवाल, ऋषिकेश उपाध्याय, मितेश भोलू यादव,चंद्र कुमार ओग्रे , धीरज सिंह, विजय गढेवाल, राजा सिद्धकी,मुस्कान परवीन, वर्षा सिंह, शशिकांता हंसेलिया , चंपा प्रधान, प्रीति रात्रे,अशोक सोनवानी , कमलेश सिंह बाबा , प्रमोद सिंह, पवन कश्यप,गोपाल गुलशन सोनी, अनिल मोदी, तमींद्र देवांगन , गोविंद वैष्णव, सुमित ध्रुव , बुटू सेवक देवांगन विजय प्रकाश तिवारी, किशोर साव, शांति साहू, दुकालू यादव, हर्ष शुक्ला, सुजल राठौर, यश शर्मा, कृष्णा प्रजापति , महेश खरे, नरेश पैगवार, अनुराग राठौर, सलीम सिद्धकी, बसंत अग्रवाल, महेंद्र कश्यप, केशव सेन, पीएस राठौर, कमलेश ताम्रकार, अंशु यादव, , महेश खरे, , जितेंद्र दिनकर, हितेंद्र हंसालिया, मोनू राठौर, अतीक कुरैशी, मो शरीफ कुरैशी, रवि शंकर सूर्यवंशी सहित कांग्रेस जन प्रमुख रूप से शामिल हुए ।

## आरला सरपंच साधना राहुल साहू ने किया ध्वजारोहण



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत आरला में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।ग्राम पंचायत आरला सरपंच श्रीमती साधना राहुल साहू ने ग्राम पंचायत भवन में ध्वजारोहण किया और अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए वीर जवानों को नमन करते हुए उनके योगदानों को याद करते हुए उन्हें नमन किया ।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

जांजगीर-चांपा /

पामगढ़ / शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हेड़सपुर में भी पूरे देश के साथ साथ 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । ध्वजारोहण ग्राम के प्रथम नागरिक अनिल दिवाकर, सरपंच ग्राम पंचायत पचरी के कर कमलों से हुआ इस अवसर पर रोहित रत्नाकर के साथ साथ अन्य अतिथियों ने स्वतंत्रता के संग्राम में योगदान देने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए याद किये। संस्था प्रमुख श्रीमती निर्मला कौशिक ने आभार प्रदर्शन की। कार्य क्रम समाप्ति पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत के पंचगण,ग्राम पंचायत के सचिव, प्रबुद्ध नागरिकगण, मध्याह्न भोजन स्वसहायता समूह के सभी सदस्य, शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्रा भारी संख्या में उपस्थित थे। कार्य क्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक शिक्षिका संतराम जोशी, अर्चना जोशी, गोपी राम कश्यप, गीता साहू, लता साहू, रुखमणी साहू, फूलेश्वरी जगत, मंगलू सोनवानी व संदेश कुमार का योगदान रहा।



# स्वतंत्रता दिवस पर जिला कांग्रेस की ओर से रमेश पैगवार ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**जांजगीर चांपा** / स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ जिला कांग्रेस द्वारा हर्ष उल्लास के साथ बनाई गई, जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार ने जांजगीर कचहरी चौकी स्थित स्व . श्रीमती इंदिरा गांधी जी के प्रतिमा स्थल के पास जिला कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज के द्वारा प्रेषित जनता के नाम संदेश का वाचन कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिए तत्पश्चात सभी कांग्रेस जनों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी , राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल जी, भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी, के प्रतिमा स्थल एवं शहीद स्मारक जाकर सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को





श्रद्धा सुमन अर्पित किए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जांजगीर चंपा विधायक ब्यास कश्यप, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, डॉ परस शर्मा, देवेश सिंह, रफीक सिद्दीकी, विवेक सिसोदिया, राघवेंद्र सिंह, शिशिर द्विवेदी, प्रिंस शर्मा, देव कुमार पांडे, ऋ षिकेश उपाध्याय, सुखराम गरेवाल, अरमान खान, संतोष बबई गढ़वाल , परमेश्वर निर्मले,अनिल राठौर, अक्षय टेकाम,नरेश पैगवार, अमन अग्रवाल,अंशु यादव, मिथुन राठौर, विजय गढवाल, मुस्कान परवीन,अशोक सोनवानी, अतिक कुरैशी, कमलेश ताम्रकार, परमेश्वर राठौर, दीपेंद्र कहरा, गुड्डू पठान, अतीक कुरैशी, जितेंद्र दिनकर, नरसिम्हा यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए

# श्री कृष्ण गौशाला नैला में आन बान शान से फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

जांजगीर चांपा।

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला नैला में तिरंगा ध्वज बड़े ही सम्मान और उत्साह के साथ फहराया गया। श्री कृष्ण गौशाला के अध्यक्ष राजेश पालीवाल ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर आन-बान-शान से राष्ट्रीय ध्वज लहराया। इस अवसर पर राजेश पालीवाल ने अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान और कार्य हमें सदैव देशप्रेम और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी से देश की एकता, अखंडता और प्रगति में अपना योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर बच्चों को पानी बाटल वितरित किए गए द्यकार्यक्रम में राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति का जोश चरम पर रहा और पूरे परिसर में तिरंगे की शान लहराती रही। इस अवसर पर विष्णु पालीवाल सचिन पवन अग्रवाल ,प्रदीप गोयल ,मनोज कालू अग्रवाल ,अशोक शर्मा, चिंटू शर्मा ,गोपाल गोयल, नितिन अग्रवाल ,राधाबल्लभ पालीवाल ,मनोज गट्टानी, सुरेश दीपनी, संजय भोपालपुरिया, संदीप शर्मा, किशोर गुप्ता , कमल गोयल,सौरभ अग्रवाल, दरस यादव सहित अनेक सदस्य व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक में अनिल शर्मा ने किया ध्वजारोहण....



जांजगीर चांपा -

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला नैला मे अनिल शर्मा ने किया ध्वजारोहणद्य इस अवसर पर शाला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने उपस्थित प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाए एवं छात्र छात्राओ की उपस्थिति मे सर्वप्रथम भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय तिरंगा का ध्वजारोहण किया ,उसके पश्चात उपस्थित सभी लोगो ने देश के राष्ट्रीय गान जन गण मन अधिनायक गीत गाकर पूरा परिसर भारत माता की जय वन्देमातरम के जयकारे के साथ गूंज उठा कार्यक्रम मे वार्ड पार्षद रघुनन्दन कश्यप सहित अनेक सम्माननीय जन उपस्थित रहे द्य

## स्कॉर्पियो में स्टण्ड बाजी करना पड़ा महंगा दो युवक के साथ आठ नाबालिग सपड़ाए



**जांजगीर चांपा** / मुख्य सड़क पर स्कार्पियो में सवार होकर स्टण्डबाज महंगा पड़ा जिसमें दो युवकों के साथ आठ नाबालिको को पामगढ़ पुलिस ने धर दबोचा है। ज्ञात हो कि गत दिवस पामगढ़ बिलासपुर मुख्य सड़क पर स्कॉर्पियो वाहन को तेज गति में वाहन चलाकर स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था जिसमें कुछ युवकों के द्वारा बोनट ऊपर बैठकर, खिड़की से बाहर निकलकर अपनी जान जोखिम में डालकर स्टंटबाजी कर रहे थे । सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद, सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए स्टण्ड बाजी करने वाले युवकों को पामगढ़ क्षेत्र के दुपट्टा मोड तरफ पकड़ा । इसमें स्कॉर्पियो वाहन चालक के विरुद्ध एवं स्टण्ड बाजी करने वाले 2 बालिक एवं 8 विधि से संघर्षरत बालक शामिल है।

## डोंगरगढ़ में एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम आयोजित



**डोगरगढ़।** एक शाम राष्ट्र के नाम राष्ट्र सेविका समिति डोंगरगढ़ द्वारा 15 अगस्त की शाम को एक कार्यक्रम एक शाम राष्ट्र के नाम निषाद धर्मशाला राधिका नगर डोंगरगढ़ में आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद डोंगरगढ़ इकाई योद्धा फिजिकल डिफेंस अकादमी डोंगरगढ़ के सदस्य उपस्थित थे।

सूबेदार मेजर झनक लाल विश्वकर्मा, सूबेदार मेजर उमलेश कुमार विजयवार, सूबेदार ए. के. पांडे ,

सूबेदार पी. राजू, हवलदार युगल किशोर साहू मातृशक्ति

श्रीमती सुभद्रा विश्वकर्मा, श्रीमती चंदा रानी विजयवार, श्रीमती ज्योति पी. राजू,

श्रीमती डिकेश्वरी साहू मुख्य अतिथि के रूप में तथा सुश्री शारदा चंद्रा दीदी विभाग प्रचारिका राष्ट्र सेविका समिति राजनांदगांव विभाग ,मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

# जांजगीर जिले में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने किया ध्वजारोहण

जांजगीर-चांपा, ।

79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज शासकीय हाईस्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित मुख्य समारोह में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं तथा बधाई दी। उन्होंने हर्षोल्लास एवं उमंग के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े। मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री वर्मा ने इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिजनों को शॉल तथा श्रीफल से तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया।



इस दौरान विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष रेखा देवा गढेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य उमा राजेन्द्र राठौर, आशा साव, अमर सुलतानिया, इंजी. रवि पांडेय, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे सहित जिला पंचायत सदस्य, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में आमनागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सतीश सिंह एवं दीपक यादव ने किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहरिया एवं परेड सीनियर वर्ग में जिला पुलिस बल को मिला प्रथम स्थान

परेड सीनियर वर्ग में जिला पुलिस बल प्रथम, सीएएफ 11वीं बटालियन भारत रक्षित द्वितीय एवं तृतीय स्थान महिला नगर सेना को प्राप्त हुआ। परेड जूनियर में प्रथम स्थान एनसीसी 325 ट्रूप शा.उ.मा.वि जांजगीर बालिका, एनसीसी 325 ट्रूप शा.उ.मा.वि जांजगीर बालक द्वितीय एवं गाइड दल ज्ञानोदय उ.मा.वि. जांजगीर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहरिया को प्रथम स्थान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चांपा को द्वितीय एवं लायंस पब्लिक स्कूल चांपा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय के कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक में अमर जवान एवं शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव फोटो प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष 2025 के अंतर्गत आयोजित ÷आजादी की गढ़-गाथा÷ फ ोटो प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय की आर्ट गैलरी में फीता काटकर शुभारंभ किया।इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, आरंग विधायक श्री खुशवंत साहेब, राज्य खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, केशकला बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री साय ने फोटो प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी अत्यंत ज्ञानवर्धक है। हमारे आज़ादी के जननायकों की कहानी और उनके योगदान की जानकारी आम नागरिक तक पहुँचे, इसके लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है।संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस फोटो प्रदर्शनी का विषय ÷आजादी की गढ़-गाथा÷ है, जो स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ियों के संघर्ष की प्रेरक और गौरवशाली परंपरा को दर्शाता है। इसमें विशेष रूप से परलकोट विद्रोह (1825) के नायक शहीद गैंद सिंह, 1857 की क्रांति में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह की गिरफ्तारी और फांसी से संबंधित दस्तावेज, शहीद सुरेन्द्र साय, 1910 के आंदोलन के महानायक शहीद गुंडाधुर, कंडेल नहर सत्याग्रह (1920), छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी का आगमन सहित प्रदेश के अमर वीर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अन्य स्वतंत्रता आंदोलन संबंधी घटनाओं का जीवंत चित्रण किया गया है।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ का त्रिवार्षिक चुनाव 24 अगस्त को

**निर्वाचन अधिकारी रूपेश कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अगस्त को किया जाएगा।**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ का त्रिवार्षिक आम निर्वाचन 24 अगस्त 2025 को आयोजित किया जाएगा। इस चुनाव के बाद 25 अगस्त को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

निर्वाचन अधिकारी रूपेश कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अगस्त को किया जाएगा। इसके बाद 14 अगस्त को सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक दावा-आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। उसी दिन शाम 7 बजे अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी जाएगी।

अभ्यर्थियों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 17 अगस्त को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। नामांकन पत्रों की जांच तथा उम्मीदवारों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन उसी दिन दोपहर 3 बजे किया जाएगा। नाम वापसी की समय-सीमा भी 17 अगस्त को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक तय की गई है। इसके बाद शाम 7 बजे तक अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। मतदान प्रक्रिया 24 अगस्त को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी। मतदान के पश्चात संभागवार मतगणना संबंधित मतदान स्थलों पर की जाएगी।

## मुख्यमंत्री साय ने एसबीआई साइबर सुरक्षा रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री साय ने एसबीआई साइबर सुरक्षा रथ को झंडी दिखाकर किया रवानामुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर से एसबीआई साइबर सतर्कता रथ (ऑडियो-वीडियो वैन) को झंडी दिखाकर रवाना किया और राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि तकनीक ने मानव जीवन को आसान और सहज बनाया है। डिजिटल लेन-देन तेज और सुविधाजनक हुए हैं, लेकिन इसके साथ साइबर ठगी जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता और सावधानी से लोग साइबर धोखाधड़ी से बच सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जागरूकता अभियान लोगों में साइबर सुरक्षा की समझ बढ़ाने का एक प्रभावी प्रयास है। इसके अंतर्गत ऑडियो-वीडियो संदेश, नुक्कड़ नाटक और कठपुतली नाटक के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। श्री साय ने कहा कि प्रदेश में 29 ऐसे हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां साइबर ठगी के मामले अधिक होते हैं और इस रथ का विशेष फोकस उन स्थानों पर रहेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने लोगों से अपील की कि वे अपने बैंक खाते की गोपनीय जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी किसी से साझा न करें और अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें। उन्होंने कहा कि साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। ज़रा सी लापरवाही मेहनत की कमाई पर भारी पड़ सकती है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और साइबर अपराध से स्वयं को सुरक्षित रखें। उल्लेखनीय है कि डिजिटल माध्यम से हो रही धोखाधड़ी और अनाधिकृत लेन-देन की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए भारतीय स्टेट बैंक (स्ब्क्ष्) ने ÷हर भारतीय का बैंकर÷ होने के नाते राज्यव्यापी साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 15 अगस्त से 30 नवंबर 2025 तक चलेगा। यह रथ प्रदेश के सभी 33 जिलों में जाएगा और नाचा दल व नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को साइबर ठगी के तरीकों और इससे बचने के उपायों के बारे में जानकारी देगा। भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई जा सकती है।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर राजनांदगांव पुलिस का सघन जांच अभियान तेज

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से राजनांदगांव पुलिस द्वारा आज दिनांक 13 अगस्त 2025 को जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

# सीएम विष्णु देव साय का स्वतंत्रता दिवस संदेश– पुलिस परेड ,प्यारे प्रदेशवासियों, जय जोहार...

**रायपुर।** आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का दिन है। अंग्रेजी साम्राज्यवाद से लड़ते हुए हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना सर्वस्व बलिदान कर हमें स्वतंत्रता का उजाला सौंपा। आज स्वतंत्रता दिवस की इस प्रभात बेला में हम अपने सभी वीर सपूतों को कृतज्ञता से नमन करते हैं।

देश के उन्यासीवें (79वें) स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ हम छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 गौरवशाली वर्षों की विकास यात्रा को ''छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव'' के रूप में मना रहे हैं। मुझे आपसे यह बात साझा करते हुए खुशी हो रही है कि हम आज के इस शुभ दिन से छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का शुभारंभ कर रहे हैं। आप सभी की भागीदारी से हम इस महोत्सव को अविस्मणीय बनाएंगे। आज का दिन परलकोट विद्रोह के नायकों के पुण्य स्मरण का भी है। देश की आजादी की लड़ाई में स्वर्णिम अक्षरों में लिखे गये परलकोट विद्रोह के 200 वर्ष पूरे हो गए हैं। आज भी शहीद गेंदसिंह की वीरता के किस्से पीढ़ी दर पीढ़ी प्रदेश की जनता उतने ही गौरव भाव से सुन रही है।



भूखे और उत्पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए शहीद वीरनारायण सिंह द्वारा की गई लड़ाई को कौन भूल सकता है। रायपुर सिपाही विद्रोह के नायक हनुमान सिंह जी का इस अवसर पर स्मरण करना चाहूँगा। भूमकाल विद्रोह के माध्यम से वीर गुंडाधुर ने अपनी मातृभूमि के लिए जिस अद्भुत शौर्य का प्रदर्शन किया, वो इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। शहीद यादव राव, वेंकट राव, धुरवा राव, डेबरी धुर, आयतु माहरा सहित हमारे अनेक जनजातीय नायकों का बलिदान देशभक्ति की अद्भुत मिसाल है। हम अपने राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को नमन करते हैं, जिन्होंने अपना अटल संकल्प पूरा किया और देश के नक्शे में छत्तीसगढ़ का एक नये राज्य के रूप में उदय हुआ। अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष को हम अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। छत्तीसगढ़ की पुण्य धरा प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न है। हमारे पास समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर हैं और अपार उत्साह समेटे हुए विपुल मानव संसाधन हैं। एक नवंबर 2000 को जब यह राज्य बना, तब हमने एक सपना देखा था, एक विकसित, आत्मनिर्भर और समावेशी छत्तीसगढ़ का। आज मैं गर्व से कह सकता हूँ कि हम उस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आपातकाल के पचास बरस पूरे हो गये हैं। हम अपने लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हैं, जिन्होंने आपातकाल के बेहद कठिन दौर में यातनाओं की परवाह न करते हुए लोकतंत्र की मशाल थामें रखी। मातृभूमि के लिए अपने हिस्से की जिम्मेदारी हमें निभानी है। हमें यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को मूर्त रूप देना है। हमें अपने वीर जवानों पर गर्व है, जिन्होंने अपने असीम शौर्य और साहस से मातृभूमि का शीश हमेशा ऊंचा रखा। वर्ष 1947 में देश की आजादी के बाद पाकिस्तान की ओर से हुए आक्रमण से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक हर बार हमारे जवानों ने तिरंगे का मान बढ़ाया है। पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी कृत्य का बदला लेने हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिन्दूर चलाया गया। यह ऑपरेशन दुनियाभर में भारत के पराक्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक बना। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है। हमारा चंद्रयान चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर पहुंच चुका है और शुभांशु शुक्ला ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में तिरंगा लहरा दिया है। इस सफलता के पीछे देशवासियों की कड़ी मेहनत और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और अथाह इच्छा शक्ति की विशेष भूमिका है। आज के इस गौरवशाली दिन, हम अभिनंदन करते हैं, अपने सुरक्षाबलों के जवानों का, जिन्होंने नक्सलियों को उनके ठिकानों में घुसकर मात दी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में हम मार्च 2026 तक देश को माओवादी आतंक से मुक्त करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 20 महीनों में हमारे जवानों ने 450 माओवादियों को न्यूट्रलाइज और 1578 को गिरफ्तार किया है।

## मुठभेड़ में दो मुख्य नक्सली नेता ढेर

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी ।** छत्तीसगढ़ के मानपुर इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। कारेकट्टा गांव के समीप बंडा पहाड़ और आसपास के जंगलों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो बड़े नक्सली नेताओं को मार गिराया है।


मारे गए नक्सली नेताओं में जोनल कमेटी के प्रमुख विजय रेड्डी और डीवीसी कमांडर लोकेश सलामे शामिल हैं, जो लंबे समय से इस क्षेत्र में आतंक फैलाने का काम कर रहे थे। इसके साथ ही, आरकेबी डिविजन के शीर्ष नेतृत्व को भी इस ऑपरेशन में निशाना बनाया गया है।

यह संयुक्त अभियान जिला पुलिस, छत्तीसगढ़ डीआरजी और केंद्रीय अर्धसैनिक बल आईटीबीपी ने मिलकर चलाया। मुठभेड़ मानपुर, मदनवाड़ा और सीतागांव थाना क्षेत्रों के जंगलों में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की।

इस सफलता को सुरक्षा बलों की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिससे नक्सलियों के आतंक फैलाने की क्षमता को काफी कमजोर किया गया है।

## अपने ही विभाग से परेशान आरक्षक ने एसपी को दिया त्याग पत्र, आईजी के स्टेनो पर लगाए ये गंभीर आरोप

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में पुलिस विभाग से प्रताड़ित हो कर एक आरक्षक ने एसपी को त्याग पत्र दे दिया है। आरक्षक ने आईजी के स्टेनो पुष्पेंद्र शर्मा पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। आरक्षक का कहना है कि विभाग के कुछ अधिकारी आरोपियों को संरक्षण देते आ रहे हैं और उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। आरक्षक के त्यागपत्र के बाद आईजी ऑफि स के कार्यशैली पर गंभीर सवाल भी उठ रहे है। वहीं अमित रजवाड़े का त्यागपत्र सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।



मिली जानकारी के मुताबिक, यह त्यागपत्र आरक्षक अमित रजवाड़े का है। पत्र के माध्यम से इन्होंने स्टेनो पर कई गंभीर आरोप लगाए है। आरक्षक का आरोप है कि कई चोरी की शिकायत के बाद भी लुण्ड्रा थाने में FIR दर्ज नहीं होता था। उन्होंने यह भी बताया की कुछ अधिकारी आरोपियों को संरक्षण भी देते थे। बताया जा रहा है कि आईजी एसपी से आरक्षक ने कई बार चोरी के मामले में शिकायत की थी। मामला पूरी तरह से जमीन व घर में चोरी से जुड़ा हुआ है।

**स्टोनो ने आरक्षक का बलरामपुर जिला करा दिया था ट्रांसफर** - इस पूरे मामले में ये बातें भी सामने आ रही है की सरगुजा जिले के लुण्ड्रा थाने के आरक्षक अमित रजवाड़े का स्टेनो पुष्पेंद्र शर्मा ने बलराम पुर जिला रामानुजगंज में ट्रांसफर करा दिया था। आरक्षक के त्यागपत्र के बाद आईजी ऑफि स के कार्यशैली पर गंभीर सवाल भी उठ रहे है। उसने यह भी लिखा है कि इस संबंध में लुंड्रा थाना प्रभारी से भी पूछताछ की जा सकती है। प्रताडऩा से त्रस्त होकर उसने एसपी से त्याग पत्र (Resign letter) स्वीकार करने का आग्रह किया है। मांगआरक्षक अमित रजवाड़े का त्यागपत्र सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

सरगुजा जिले में पदस्थ आरक्षक अमित कुमार राजवाड़े ने एसपी को सौंपे गए त्याग पत्र (Resign letter) में बताया है कि उससे जमीन देने के नाम पर 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी किया गया था। उसने इस बात की शिकायत 2 अगस्त 2024 को मणिपुर थाने में की थी,पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इतना ही नहीं एसपी और आईजी से इसकी शिकायत की गई तो आरोपियों पर अपराध भी दर्ज नहीं किया गया।अपने ही विभाग से परेशान आरक्षक ने एसपी को दिया त्याग पत्र, आईजी के स्टेनो पर लगाए ये गंभीर आरोप, VIRAL हुआ लेटरइसके साथ ही आरक्षक के घर से 2 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी करवाया गया। इसकी रिपोर्ट उन्होंने लखनपुर थाने में दर्ज कराई, पर यहां अपराध दर्ज किया गया, लेकिन वहां पदस्थ प्रधान आरक्षक मनीष तिवारी ने आरोपियों से घूस लेकर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया। उन्होंने ये भी बताया कि उनके घर से मोटर पंप चोरी कराया गया, लेकिन इसकी भी स्न्ढ्ढक्र दर्ज नहीं की गई। इन सब हरकतों से त्रस्त होकर आरक्षक ने एसपी से अपना त्यागपत्र स्वीकार करने के लिए आग्रह किया है।

## रायपुर के होटल में कांग्रेस का गुप्त युवा प्रशिक्षण शिविर

**एसटी-एससी-ओबीसी युवाओं को बनाया जा रहा संगठन की ताकत**

**रायपुर ।** रायपुर के वीआईपी रोड स्थित एक प्रमुख होटल में कांग्रेस पार्टी की ओर से तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत 12 अगस्त से की गई है। यह पूरा कार्यक्रम बेहद गोपनीय रखा गया है और इसमें प्रदेश के 100 चुने हुए युवा कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इन कार्यकर्ताओं का चयन मुख्य रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से किया गया है।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को संगठन के लिए मजबूत रणनीतिक भूमिका के लिए तैयार करना है। इन्हें न केवल कांग्रेस के इतिहास और आंदोलन की रणनीतियों की शिक्षा दी जा रही है, बल्कि संविधान, कानून और जनहित के मुद्दों पर प्रभावशाली ढंग से काम करने की ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

हर दिन सुबह 10 बजे से लेकर रात 10 बजे तक लगातार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें युवाओं को संवाद कौशल, मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने की तकनीक, और विरोध प्रदर्शन की रणनीतियों पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियाँ, टीम बिल्डिंग गेम्स और प्रभात फेरी जैसी गतिविधियाँ भी शामिल हैं ताकि नेतृत्व क्षमता को विकसित किया जा सके।इस कैंप की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। मोबाइल फोन एकत्र कर लिए गए हैं, वीडियो या फोटो लेने की पूरी तरह मनाही है। होटल के बाहर से लेकर कॉन्फ्रेंस हॉल तक सिक्योरिटी और वालंटियर्स की टीम हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है।इस कैंप का संचालन राहुल गांधी की टीम से जुड़े रणनीतिकार गौरव जायसवाल और अभिषेक त्रिपाठी कर रहे हैं। दोनों इससे पहले भी पार्टी के बड़े अभियानों का हिस्सा रह चुके हैं। शिविर के दौरान युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब की विशेष उपस्थिति भी प्रस्तावित है, जो युवाओं को सीधा मार्गदर्शन देंगे।विश्वस्त सूत्रों की मानें तो यह प्रशिक्षण सिर्फ संगठन की मजबूती तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकार के खिलाफ आने वाले समय में किसी बड़े जनआंदोलन की तैयारी भी इसका अहम हिस्सा है। युवाओं को जमीनी मुद्दों पर जनता से जुड़ने और आंदोलन को धार देने के गुर सिखाए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री साय ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता के रूप में सदैव रहेंगे स्मरणीय - मुख्यमंत्री श्री साय**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि श्रद्धेय स्वर्गीय अटल जी हमारे राज्य के निर्माता हैं। अटल जी का छत्तीसगढ़ से विशेष लगाव रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के भौगोलिक क्षेत्र को नए राज्य का स्वरूप देकर प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान किया, जिसके लिए वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। पत्रकार, कवि और राजनेता के रूप में उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। भारत के प्रधानमंत्री हों या विदेश मंत्री–हर भूमिका में उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत की अमिट छाप छोड़ी। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में अनेक ऐसी योजनाएँ लागू की गई, जिनसे ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाना, किसानों को सहूलियत प्रदान करना, आदिवासी विभाग का गठन जैसे कार्य ऐतिहासिक रहे। श्रद्धेय स्वर्गीय अटल जी भारत के प्रत्येक नागरिक की स्मृतियों में आज भी जीवित हैं।



श्री साय ने कहा कि वे ऐसे राजनेता थे जिन्हें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी का स्नेह प्राप्त हुआ। अटल जी माँ भारती की यश और प्रतिष्ठा के लिए आजीवन समर्पित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अटल जी के साथ उनकी अनेक स्मृतियाँ जुड़ी हुई हैं, जो उन्हें निरंतर प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी युगपुरुष थे, जिन्होंने सुशासन का मंत्र दिया और आज हम उसी पथ पर आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ का विकास सुनिश्चित कर रहे हैं। इसके साथ ही हम यह पूरा वर्ष अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रहे हैं और इस संबंध में वर्षभर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## राज्यपाल डेका ने पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** राज्यपाल श्री डेका ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री बाजपेयी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर आज राज्यपाल श्री रमेन डेका ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि श्री बाजपेयी विराट व्यक्तित्व, महान वक्ता, जननायक होने के साथ-साथ सभी दलों के बीच सम्मानीय थे। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि देश में सुशासन की स्थापना की दिशा मे श्री बाजपेयी जी का योगदान अभूतपूर्व है। उनकी याद में हर वर्ष 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। भारत को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए श्री बाजपेयी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि विदेश एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर भारत का मजबूती से पक्ष रखकर उन्होंने देश का मान बढ़ाया।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)